

देश का निर्यात चालू वित्त वर्ष 2025-26 में लगातार ऊपर की ओर बढ़ता जा रहा है, जो अप्रैल से जनवरी के दौरान 714.73 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है। उतार-चढ़ाव के बीच देश के लचीलेपन को दर्शाता है : जितिन प्रसाद

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 17 अंकः 84 पृष्ठः 08
RNI : UTTHIN/2009/31653
actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# पश्चिम एशिया में संकटः हमें सावधान, सतर्क और तैयार रहना हैः पीएम मोदी

## आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेगा, टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा में मंगलवार को 21 मिनट बोले। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग जारी रही तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसे हुए हैं। ये चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल, फर्टिलाइजर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई पर असर पड़ा है। एक दिन पहले पीएम ने लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच दी थी। उन्होंने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं।

**राज्य सरकारों से अपीलः** ऐसे संकट के समय में गरीबों पर, श्रमिकों पर बुरा असर पड़ता है। उन्हें पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना का लाभ मिलता रहे। राज्य सरकार इसके लिए विशेष व्यवस्था करे। ऐसे समय में कालाबाजारी करने वाले, जमाखोरी करने वाले एक्टिव होते हैं। जहां से शिकायतें आती हैं, वहां कार्रवाई कीजिए। संकट कितना भी बड़ा है, भारत की तेज ग्रोथ बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है। हमें हर जरूरी कदम, हर जरूरी रिफॉर्म तेजी से करते रहने होंगे।

**किसानों को मैसेजः** सरकार कोशिश कर रही है कि आने वाले बुआई के सीजन में किसानों को खाद मिलती रहे।
सरकार ने खाद की पर्याप्त सप्लाई के लिए जरूरी तैयारियां की है। किसानों को फिर आश्वस्त करूंगा कि सरकार हर चुनौती के समाधान के लिए उनके साथ खड़ी है। ये राज्यों का सदन है। आने वाले समय में संकट हमारे देश की बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें सफलता के लिए राज्यों का सहयोग जरूरी है। राज्यों की सरकार से आग्रह करना चाहता हूं।



### तेल, गैस और मंहगाई पर पीएम मोदी का सदन में जवाब

कोरोना के समय में जैसे अलग-अलग सेक्टर से निपटने के लिए अफसरों के एम्पॉवर्ड ग्रुप बने थे, वैसे ही कल 7 एम्पॉवर्ड ग्रुप बनाए गए हैं। ये ग्रुप सप्लाई चेन, पेट्रोल-डीजल, फर्टिलाइजर, गैस, महंगाई जैसे विषयों पर त्वरित और दूरगामी रणनीति के तहत कार्रवाई करेगी।

**होर्मुज स्ट्रेट संकट परः** हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। इससे पेट्रोल-डीजल, गैस और फर्टिलाइजर जैसे जरूरी सामान की रूटीन सप्लाई प्रभावित हो रही है। होर्मुज स्ट्रेट में दुनिया के अनेक जहाज फंसे हैं। उनमें बहुत बड़ी संख्या में भारतीय क्रू फंसे हैं। कर्मशियल जहाजों पर हमला और होर्मुज जैसे जल मार्ग में रूकावट अस्वीकर है।

### भारत डिप्लोमेसी के जरिए युद्ध के इस माहौल में भी जहाजों के आवागमन के लिए प्रयास कर रहा

पीएम ने कहा कि भारत डिप्लोमेसी के जरिए युद्ध के इस माहौल में भी जहाजों के सतत आवागमन के लिए प्रयास कर रहा है।

**गल्फ देशों में फंसे भारतीयों को संदेशः** देश-विदेश में भारतीयों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। जंग शुरू होने से अब तक 3 लाख 75 हजार से ज्यादा भारतीय देश लौट चुके हैं। ईरान से एक हजार से ज्यादा भारतीय लौटे हैं। इनमें 700 से ज्यादा मेडिकल की पढ़ाई करने वाले हैं। सभी देशों ने वहां मौजूद भारतीयों की सुरक्षा का भरोसा दिया है। हमलों के कारण कुछ भारतीयों की मौत हुई है। यह दुखद है। उनके परिवार को मदद दी जा रही है। जो घायल हैं उन्हें इलाज दिया जा रहा है।


**पीएम ने कहा- राज्य सरकार कालाबाजारी-जमाखोरी पर एक्शन लें**
पीएम ने राज्यों से कहा कि गरीबों और श्रमिकों पर असर कम करने के लिए पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना जारी रखने हेतु सक्रिय कदम उठाएं और विशेष व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि संकट के बावजूद देश की तेज विकास दर बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है, इसके लिए सुधार जारी रखें और कोविड समय की टीम भावना से काम करें। पीएम ने कहा कि केंद्र-राज्य मिलकर इस अलग तरह के संकट का सामना धैर्य, संयम और तैयारी के साथ करें, क्योंकि हालात लगातार बदल रहे हैं। इसलिए देशवासी हर चुनौती के लिए तैयार रहें।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

# ईरान जंगः ट्रम्प ने मोदी को फोन कियाः होर्मुज स्ट्रेट खुला रखने पर हुई बातचीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन कर बातचीत की है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।
उनके मुताबिक, दोनों नेताओं ने मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात पर चर्चा की। खास तौर पर होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने की अहमियत पर जोर दिया गया। दूसरी तरफ खबर है कि ईरानी सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार है। खामेनेई ने युद्ध को ईरान की शर्तों के अनुसार जल्द खत्म करने पर सहमति जताई है।



ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ को गुप्त रूप से बताया कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने वार्ता के लिए अनुमति दी है।

**ट्रम्प ने ईरान पर हमला 5 दिन के लिए टाला**
ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया बातचीत के बाद 15 मुद्दों पर सहमति बनी है।
इन मुद्दों की पूरी लिस्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्होंने ईरान के पावर प्लांट पर हमले 5 दिन के लिए टाल दिए, जबकि इससे पहले होर्मुज खोलने के लिए 48 घंटे की चेतावनी दी थी।

# रेलवे ने टिकट कैंसिलेशन नियम बदले, रिफंड प्रणाली में सुधार से यात्रियों को राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को रिफॉर्म एक्सप्रेस पहल के तहत भारतीय रेलवे में व्यापक सुधारों की घोषणा करते हुए टिकट कैंसिलेशन और रिफंड नियमों में बड़े बदलाव का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य अंतिम समय की सट्टेबाजी बुकिंग पर रोक लगाना, वास्तविक यात्रियों को टिकट उपलब्ध कराना और पारदर्शिता बढ़ाना है।
रेल मंत्री वैष्णव ने रेल भवन में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पहले टिकट रद्द करने की समय-सीमा 48, 12 और 4 घंटे थी, जिसे अब बढ़ाकर क्रमशः 72, 24 और 8 घंटे कर दिया गया है। यह बदलाव अग्रिम आरक्षण चार्ट की तैयारी में हुए सुधारों के अनुरूप किया गया है, जो अब ट्रेन प्रस्थान से 9 से 18 घंटे पहले तैयार हो जाता है। इससे वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों को बेहतर योजना बनाने का अवसर मिलेगा और खाली सीटों का बेहतर उपयोग हो सकेगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अब ई-टिकट के लिए टिकट जमा रसीद (टीडीआर) दाखिल करने की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है और टिकट रद्द होते ही रिफंड स्वतः प्रोसेस होगा।

# आई-पैक रेड केसः बंगाल सरकार को लगी 'सुप्रीम' फटकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** उच्चतम न्यायालय ने आई-पैक के दफ्तर में रेड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार से पूछा कि ईडी जांच एजेंसी है, तो क्या इसके अफसरों को कोई मौलिक अधिकार नहीं हैं। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने राज्य सरकार की इस दलील को भी खारिज कर दिया कि इस मामले की सुनवाई राज्य में विधानसभा चुनाव खत्म होने तक टाल दी जाए। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने ईडी की याचिका की कानूनी वैधता पर सवाल उठाया और कहा कि ये याचिका एक डिप्टी डायरेक्टर के जरिये दायर की गई है, जो घटना के समय मौके पर मौजूद ही नहीं थे। सिब्बल ने याचिका के सुनवाई योग्य होने पर सवाल उठाया। सिब्बल ने कहा कि ये मामला मौलिक अधिकारों से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है, लेकिन याचिकाकर्ता खुद पीड़ित नहीं है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति मौके पर था ही नहीं, वह दूसरों के मौलिक अधिकारों का मुद्दा कैसे उठा सकता है। तब कोर्ट ने कहा कि मौलिक अधिकार सिर्फ व्यक्ति तक सीमित नहीं है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सिब्बल से पूछा कि क्या रुल ऑफ लॉ यानि कानून का शासन अपने आप में एक मौलिक अधिकार नहीं है। तब सिब्बल ने कहा कि अगर रुल ऑफ लॉ का उल्लंघन बताया जा रहा है तो ये स्पष्ट करना होगा कि उल्लंघन किस तरह हुआ। सिब्बल ने केशवानंद भारती के केस का हवाला दिया और कहा कि संविधान की मूल संरचना भी मौलिक अधिकारों से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि ईडी एक



> बंगाल सरकार से पूछा कि ईडी जांच एजेंसी है, तो क्या इसके अफसरों को कोई मौलिक अधिकार नहीं

# हरियाणा के छात्रों को मुफ्त किताबों के लिए 45.05 करोड़ की मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़ः हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद् द्वारा प्रत्येक वर्ष समग्र शिक्षा के अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जाती हैं। इसी क्रम में, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा परियोजना अनुमोदन बोर्ड की बैठक में वित्त वर्ष 2026-27 हेतु मुफ्त पाठ्यपुस्तकें मद के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए कुल 45.05 करोड़ रुपये की राशि अनुमोदित की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए परिषद के एक प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महिपाल ढांडा की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति की बैठक 29 दिसंबर 2025 को आयोजित की गई। बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार चयनित फर्मों को पाठ्यपुस्तकों के मुद्रण एवं आपूर्ति का कार्य आवंटित किया गया। उक्त निर्णय के अनुपालन में विभाग द्वारा 8 जनवरी 2026 को संबंधित फर्मों को जारी किए गए, जिनके अनुसार 15 अप्रैल 2026 तक पाठ्यपुस्तकों की आपूर्ति का कार्य पूर्ण किया जाना निर्धारित है। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री के मार्गदर्शन एवं निगरानी में संबंधित फर्मों द्वारा अम्बाला, हिसार, कुरुक्षेत्र, पानीपत, पलवल, भिवानी एवं चरखी दादरी जिलों में कक्षा 1 से 8 तक की पाठ्यपुस्तकों की आपूर्ति जिला स्तर पर की जा चुकी है। निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी विद्यालयों तक पाठ्य पुस्तकों की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी।

# महिला अफसर सेना में स्थायी कमीशन की हकदार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन (ररउ) की महिला अफसरों को पूरी पेंशन देने का आदेश दिया। जिन मामलों में महिला अफसर परमानेंट कमीशन नहीं मिलने के कारण पहले ही सेवा छोड़ चुकी थीं, उन्हें एकमुश्त राहत देते हुए 20 साल की सेवा पूरी मानकर पेंशन और अन्य लाभ देने का फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा- सशस्त्र बलों के भीतर मौजूद सिस्टमिक भेदभाद के कारण महिला अफसरों को परमानेंट कमीशन से वंचित किया गया। महिलाओं को परमानेंट कमीशन न देना उनकी योग्यता की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था में मौजूद भेदभाव का नतीजा था। पूरा मामला ररउ के तहत नियुक्त महिला अफसरों की याचिकाओं से जुड़ा था, जिन्होंने देने की मांग की थी। एसएससी के तहत नियुक्त अफसर का कार्यकाल 10 साल का होता है, जिसे 4 साल तक बढ़ाया जा सकता है। इसके बाद योग्यता के आधार पर परमानेंट कमीशन दिया जाता है। परमानेंट कमीशन नहीं मिलने पर उन्हें सेवा छोड़नी होती है। इसके खिलाफ महिला अफसरों ने पहले आर्म्ड फोर्स ट्रिब्यूनल का रुख किया था और ढउ से वंचित किए जाने को चुनौती दी थी। बाद में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन. कोटिस्वर सिंह की बेंच ने कई याचिकाओं को एक साथ सुना।
जिन अफसरों को 2020-21 में नंबर 5 सेलेक्शन बोर्ड या ट्रिब्यूनल के फैसले के आधार पर पहले ही स्थायी कमीशन मिल चुका है, उनका स्टेटस नहीं बदला जाएगा।



# ईसाई या अन्य धर्म अपनाने पर नहीं मिलेगा अनुसूचित जाति का लाभः कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि हिन्दू, सिख या बौद्ध धर्म को अपनाने वाले ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त कर सकते हैं। ईसाई या किसी दूसरे धर्म को अपनाने वाले व्यक्ति को अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं मिलेगा। जस्टिस पीके मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने साफ कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाले दलित को एससी-एसटी एक्ट का लाभ नहीं मिलेगा। उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के मई 2025 के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें कहा गया था कि जो व्यक्ति ईसाई धर्म अपना चुका है और सक्रिय रुप से उसका पालन करता है, वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं रह सकता है। आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले को पादरी चिंथदा ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी।
पादरी चिंथदा ने आरोप लगाया था कि उन्हें अक्काला रामिरेड्डी और अन्य लोगों की ओर से जातिगत भेदभाव किया गया। इसके बाद याचिकाकर्ता ने एससी-एसटी एक्ट के तहत उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। इसी एफआईआर को निरस्त करने के लिए याचिकाकर्ता ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय का रुख किया था। उच्च न्यायालय ने एफआईआर इस आधार पर निरस्त कर दी थी कि पादरी ने ईसाई धर्म परिवर्तन के बाद अपने एससी वाले स्टेटस को खो दिया। इसलिए वो एससी-एसटी एक्ट के तहत संरक्षण का दावा नहीं कर सकते। उच्च न्यायालय के इसी आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई थी।



> हिन्दू, सिख या बौद्ध धर्म को अपनाने वाले ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त कर सकते हैं : सुप्रीम कोर्ट

# एसआईआर को लेकर बंगाल में ही ज्यादा दिक्कतें क्योंः सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट से मतदाताओं के नाम हटाए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम दूसरे राज्यों में बिना किसी खास विवाद के हो गया, जबकि दूसरे राज्यों में ज्यादा नाम कटे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई एक अप्रैल को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान तृणमूल कांग्रेस की ओर से पेश वकीलों ने कहा कि बड़ी संख्या में दावों का निपटारा होना बाकी है। ऐसे में मतदाता सूची को अंतिम रुप देने की तारीख बढ़ाई जाए। वरिष्ठ वकील श्याम दीवान ने कहा कि राज्य में पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तारीख 6 अप्रैल है और दूसरे चरण के लिए अंतिम तिथि 9 अप्रैल है। श्याम दीवान ने कहा कि नियम के मुताबिक नामांकन की अंतिम तारीख के बाद वोटर लिस्ट में बदलाव संभव नहीं हो पाता है।

**पक्ष ने गिनाईं उपलब्धियां, विपक्ष ने बताया 'खोखली घोषणाओं' का दस्तावेज, विधायक संजय अवस्थी ने सरकार के कार्यों और उपलब्धियों का उल्लेख किया**

# हिमाचल प्रदेश विधानसभा में बजट पर गरमाई बहस

> प्रदेश विधानसभा में बजट पर जारी चर्चा के दौरान मंगलवार को पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**
**शिमला।** प्रदेश विधानसभा में बजट पर जारी चर्चा के दौरान मंगलवार को पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। जहां सत्ता पक्ष ने सरकार की उपलब्धियों को सामने रखा, वहीं विपक्ष ने कई मुद्दों को उठाते हुए बजट को खोखली घोषणाओं वाला करार दिया। चर्चा में भाग लेते हुए विधायक संजय अवस्थी ने सरकार के कार्यों और उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने पूर्व भाजपा सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार को भी आर.डी.जी बंद करने के मुद्दे पर घेरा। अवस्थी ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में राज्य सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं के साथ-साथ राजनीतिक चुनौतियों का भी सामना किया, लेकिन अपेक्षित केंद्रीय सहायता नहीं मिल पाई। उन्होंने कहा कि आर.डी.जी में कटौती का असर बजट के आकार पर भी पड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद सरकार ने आपदा प्रभावित परिवारों को राहत देने और विशेष पैकेज जारी करने का काम किया। साथ ही, आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के प्रस्ताव पर विपक्ष द्वारा सहयोग न देने की बात भी उन्होंने उठाई। अवस्थी ने पूर्व सरकार पर वित्तीय प्रबंधन में कमी और धनराशि के दुरुपयोग के आरोप लगाए, वहीं सेब पर आयात शुल्क घटाने के फैसले को बागवानों के हितों के खिलाफ बताया। वहीं विधायक प्रकाश राणा ने बजट के घटे हुए आकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह पिछले वर्ष से भी छोटा है। उन्होंने विधायक निधि, कर्मचारियों और अधिकारियों के वेतन में कटौती पर भी चिंता जताई और बढ़ते कर्ज पर नियंत्रण के लिए सख्त नियम बनाने की आवश्यकता बताई। विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि केवल आरोप-प्रत्यारोप से समस्याओं का समाधान नहीं होगा। उन्होंने तर्क दिया कि यदि पूर्व सरकार का कार्य बेहतर होता तो वह सत्ता से बाहर नहीं होती, और वर्तमान मुख्यमंत्री ने कठिन परिस्थितियों में संतुलित बजट पेश किया है।



# एसएसपी ने किया नगर कोतवाली का निरीक्षण, लापरवाही पर लगाई

**निर्देश**

**एसएसपी ने सभी अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) परमेंद्र सिंह डोभाल ने मंगलवार को कोतवाली नगर का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने विभिन्न मामलों में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई गई। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों का अवलोकन करते हुए एसएसपी ने सभी अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। विभिन्न पोर्टलों के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के अनावश्यक रूप से लंबित रहने पर नाराजगी जताते हुए प्रभारी निरीक्षक एवं संबंधित जांच अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी गई। साथ ही लंबित प्रार्थना पत्रों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने और लापरवाही बरतने वाले जांचकताओं के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश दिए गए।
एसएसपी ने सीसीटीएनएस, एनसीआरबी, सीएम पोर्टल, ई-डिस्ट्रिक्ट सहित अन्य ऑनलाइन माध्यमों से प्राप्त शिकायतों एवं सत्यापन कार्यों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए। थाना परिसर के निरीक्षण के दौरान बैरकों, आवासीय परिसर और मैस की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए साफ-सफाई एवं भोजन की गुणवत्ता उच्च स्तर की बनाए रखने को कहा गया।
मालखाने के निरीक्षण में लंबित मुकदमाती एवं लावारिस माल के निस्तारण में देरी पर नाराजगी जताई गई। संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण एवं उचित रख-रखाव के निर्देश दिए गए। इसके अलावा थाने में उपलब्ध असलहों, दंगा नियंत्रण उपकरणों एवं आपदा उपकरणों का निरीक्षण करते हुए पुलिस कर्मियों को नियमित रूप से वेपन हैंडलिंग एवं क्राइम डिटेक्शन किट के उपयोग का अभ्यास कराने के निर्देश दिए गए।
निरीक्षण के उपरांत एसएसपी ने थाना स्टाफ के साथ बैठक कर अपराध नियंत्रण, विवेचना और न्यायालय से प्राप्त प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया।

# कॉलेज छात्रों के दो गुटों में मारपीट में एक की मौत, तीन हिरासत में

**मामला दर्ज**

**एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रेमनगर में मामला दर्ज किया गया है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के देहरादून जिले के थाना प्रेमनगर क्षेत्र में सोमवार की रात कॉलेज छात्रों के दो गुटों के बीच हुए विवाद और मारपीट में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपितों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, 23 मार्च की रात कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि केहरी गांव, प्रेमनगर में युवकों



के दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर थाना प्रेमनगर पुलिस तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंची, जहां घायल युवक दिव्यांशु जाटराना (22) की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे दून अस्पताल रेफर किया। एम्बुलेंस उपलब्ध न होने पर पुलिस ने घायल को अपने सरकारी वाहन से दून अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। उपचार के दौरान देर रात युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया है।
देहरादून एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना प्रेमनगर में मामला दर्ज किया गया है।
प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों पक्ष प्रेमनगर स्थित एक निजी शिक्षण संस्थान के छात्र हैं और कॉलेज में वर्चस्व को लेकर उनके बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। इसी के चलते 23 मार्च को दोनों गुटों में विवाद बढ़कर मारपीट में बदल गया, जिसमें दिव्यांशु गंभीर रूप से घायल हो गया।

## विधायक ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**पौड़ी गढ़वाल, 24 मार्च (हि.स.)।** विधायक राजकुमार पोरी ने जिला अस्पताल पौड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाला जाना। पोरी ने सर्जिकल वार्ड, एमरजेंसी वार्ड सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भर्ती मरीजों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर उपचार मिल रहा है। अल्ट्रासाउंड, एक्सरे सहित अन्य जांचें भी नियमित हो रही हैं। पोरी ने कहा कि एक मरीज की आयुष्मान कार्ड की वार्षिक धनराशि की वैधता समाप्त हो गई है। परिवार बहुत गरीब है। जिसके चलते उसे उपचार के

# यातायात नियमों के पालन से ही घटेंगी सड़क दुर्घटनाएं: प्रदीप बत्रा

**प्रशिक्षण**

**सुरक्षित साथी–रोड सेफ्टी एवं इमरजेंसी रिस्पॉन्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया**




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
परिवहन विभाग उत्तराखंड की ओर से मंगलवार को ह्यसुरक्षित साथी-रोड सेफ्टी एवं इमरजेंसी रिस्पॉन्सह्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों के कड़ाई से पालन पर जोर दिया। ह्यहीरो मोटो कॉर्प एसआर कार्यक्रम-राइड सेफ इंडियाह्व के अंतर्गत उप क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय हरिद्वार के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एक स्थानीय होटल में मुख्य अतिथि के रूप में परिवहन मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रहा है। इसलिए इससे हर स्थिति में बचना चाहिए। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट के अनिवार्य उपयोग पर बल देते हुए तेज रफ्तार से वाहन न चलाने की अपील की।
उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में ह्यगोल्डन ऑवरह्व के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद शुरूआती समय में त्वरित और सही सहायता मिलने से अनेक जानें बचाई जा सकती हैं। घायल व्यक्ति को शीघ्र अस्पताल पहुंचाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।
अपर जिलाधिकारी पी.आर. चौहान ने कहा कि ओवरटेकिंग और तेज गति सड़क हादसों के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने सभी से सुरक्षित ड्राइविंग का संकल्प लेने का आह्वान किया।
कार्यक्रम के दौरान डिलीवरी पार्टनर्स, ड्राइवर और अन्य गिग वर्कर्स को सुरक्षित ड्राइविंग, यातायात अनुशासन, प्राथमिक उपचार, गोल्डन ऑवर और दुर्घटना के समय त्वरित प्रतिक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रतिभागियों को सेफ्टी किट एवं हेलमेट भी वितरित किए गए।
इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पी.आर. चौहान, संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. अनीता चमोला, संदीप सैनी, सीओ ट्रैफिक बिपेंदर सिंह, प्लांट एचआर हेड पंकज भट्ट, प्लांट हेड सुनील कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी नेहा झा, निखिल शर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन रुड़की कृष्ण चंद्र पलारिया, एआरटीओ प्रशासन रुड़की जितेंद्र चंद,परिवहन कर अधिकारी वरुणा सैनी तथा हीरो मोटो कॉर्प की सीएसआर प्रमुख सोनिका चोपड़ा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**न्यूज फ्लैश**

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने ह्लईजी टू लवह्व नई कुशाक के लॉन्च के साथ वैल्यू, परफॉर्मेंस और सेफ्टी को नए सिरे से परिभाषित किया

**देहरादून।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने रिफ्रेश्ड और अपग्रेडेड नई कुशाक की कीमतों और कस्टमर डिलीवरी शुरू होने की घोषणा कर दी है। इस साल जनवरी में लॉन्च हुई नई कुशाक, वैल्यू, सेफ्टी, ड्राइविंग डायनामिक्स के मामले में सबसे आगे है और पूरी रेंज में यूरोपियन टेक्नोलॉजी को सबके लिए लाने की ब्रांड की स्ट्रेटेजी को आगे बढ़ाती है। सेगमेंट-फर्स्ट टेक्नोलॉजी जैसे बिल्कुल नया एट-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन, रियर सीट मसाजर, और कई नए फीचर्स के साथ-साथ स्टैंडर्ड इक्विपमेंट के साथ, नई कुशाक 1.0 टीएसआई और नई कुशाक 1.5 टीएसआई दोनों ही स्कोडा ऑटो इंडिया की यूरोपियन इंजीनियरिंग और 5-स्टार सेफ्टी को भारतीय सड़कों पर ज्यादा आसानी से चलने वाली बनाने की स्ट्रैटेजी को फॉलो करती हैं। नई कुशाक पांच ट्रिम्स में उपलब्ध है: क्लासिक+, सिग्नेचर, स्पोर्टलाइन, प्रेस्टीज और मोंटे कार्लो, जो मैनुअल और रियल ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन का ऑप्शन देती है। कस्टमर्स के पास आठ रंगों झ्र कैंडी व्हाइट, कार्बन स्टील, ब्रिलियंट सिल्वर, लावा ब्लू, और डीप ब्लैक झ्र में से चुनने का ऑप्शन है, जिसमें तीन बिल्कुल नए रंग शामिल हैं: शिमला ग्रीन, स्टील ग्रे, और चेरी रेड।
स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, स्कोडा में हमारा मिशन यूरोपियन टेक्नोलॉजी को सबके लिए उपलब्ध कराना और इसे ज्यादा कस्टमर्स के लिए आसान बनाना है। नई कुशाक के साथ, हम सच में पूरी रेंज में वैल्यू को नए सिरे से परिभाषित करते हैं। नई कुशाक सभी वेरिएंट्स में कॉम्पिटिटिव वैल्यू प्राइसिंग, बेहतर स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर्स और ऑल-राउंड परफॉर्मेंस के जरिए सबसे आगे है। सेगमेंट में पहली बार दिए गए फीचर्स जैसे आठ-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स, रियर सीट मसाजर, और जरूरी फीचर्स का स्टैंडर्डाइजेशन, एंट्री वेरिएंट से ही शानदार वैल्यू देते हैं। क्लास-लीडिंग सेफ्टी, बेजोड़ ड्राइविंग डायनामिक्स और ओनरशिप का गर्व नई कुशाक के साथ स्टैंडर्ड आता है, जैसा कि हर स्कोडा के साथ होता है।

## समिट फिनसर्व ने देहरादून में नए कार्यालय का शुभारंभ किया

**देहरादून** । समिट फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड, जिसके संस्थापक शशांक जैन हैं, तथा निदेशक रुचि जैन, अक्षत जैन और इशिता जैन के नेतृत्व में, आज देहरादून में अपने नए कार्यालय का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया गया। यह कंपनी के 35 वर्षों से अधिक के वित्तीय सेवाओं के अनुभव में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ए. बालसुब्रमण्यन, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी एंड सीईओ), आदित्य बिरला सन लाइफ एएमसी लिमिटेड उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कंपनी के पुराने एवं सम्मानित ग्राहकों तथा शुभचिंतकों की भी विशेष उपस्थिति रही। विश्वास और उत्कृष्ट सेवाओं के आधार पर समिट फिनसर्व आज 5000 से अधिक ग्राहकों को सेवाएं प्रदान कर रही है, जिनमें उच्च-निवल मूल्य वाले परिवार, व्यक्तिगत निवेशक और रिटेल ग्राहक शामिल हैं। इसके साथ ही, कंपनी उत्तराखंड में 68 से अधिक संस्थानों को वित्तीय परामर्श प्रदान कर रही है। संस्थापक शशांक जैन, जिनके पास 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है और जिन्होंने अमेरिका अकादमी ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट इंडिया से एएफपी और सीएफजीपी जैसी प्रतिष्ठित उपाधियां प्राप्त की हैं, के मार्गदर्शन में कंपनी ने निवेश प्रबंधन, जोखिम नियंत्रण और बेहतर रिटर्न देने में अपनी विशेष पहचान बनाई है।

# कुंभ-2027 की तैयारियों में तेजी, भूपतवाला में जलापूर्ति कार्यों का उप मेलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आगामी कुंभ मेला-2027 की तैयारियों को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के उद्देश्य से मेला प्रशासन ने स्थलीय निरीक्षण अभियान तेज कर दिया है। इस क्रम में चल रहे विभिन्न विकास एवं आधारभूत ढांचा संबंधी कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का नियमित आकलन किया जा रहा है, ताकि समय रहते सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें।
मेलाधिकारी सोनिका के निदेर्शानुसार उप मेलाधिकारी मनजीत सिंह ने मंगलवार को भूपतवाला क्षेत्र का विस्तृत भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कुंभ मेले के दौरान श्रद्धालुओं को निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल संस्थान द्वारा कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप मेलाधिकारी ने पावनधाम के सामने निमार्णाधीन ट्यूबवेल, श्यामीलोक कॉलोनी में चल रहे ट्यूबवेल बोरिंग कार्य तथा प्राथमिक विद्यालय के समीप संचालित ट्यूबवेल बोरिंग कार्यों की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही किए जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।
उप मेलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि कुंभ मेला जैसे विशाल आयोजन में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। सभी कार्यों को तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को नियमित निगरानी रखने, तकनीकी मानकों का पालन करने तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।
निरीक्षण के दौरान मेला कार्यालय की तकनीकी शाखा के अधिशासी अभियंता अनुभव नौटियाल, जल संस्थान के सहायक अभियंता राकेश बमराड़ा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उप मेलाधिकारी को कार्यों की प्रगति से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समय के भीतर पूर्ण कर ली जाएंगी।

## हर विधानसभा व जिला स्तर पर सहायता केंद्र होंगे स्थापित

**पौड़ी गढ़वाल/टीम एक्शन इंडिया**
आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पुनरीक्षण से जुड़ी सभी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी नोडल अधिकारियों को समन्वय से कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन राजनीतिक दलों द्वारा अभी तक बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए-2) की नियुक्ति नहीं की गयी है वे इस कार्य को प्राथमिकता के

# हरकी पैड़ी क्षेत्र में 20 भिक्षुकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन लगाम को प्रभावी बनाने के लिए दिए गए निदेर्शों के क्रम में कोतवाली नगर पुलिस ने हरकी पैड़ी क्षेत्र में कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर के नेतृत्व में आज पुलिस टीमों का गठन कर हरकी पैड़ी के घाटों पर अभियान चलाया गया। इस दौरान ऐसे भिक्षुकों के खिलाफ कार्रवाई की गई जो घाटों पर आने-जाने वाले यात्रियों से जबरन भीख मांगने और बदसलूकी करने की



शिकायतों में लिप्त पाए गए। पुलिस ने कुल 20 भिक्षुकों को पकड़कर उनके खिलाफ भिक्षुक अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि तीर्थ क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# भीम ऐप ने यूपीआई भुगतान के लिए बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लॉन्च किया

**घोषणा**

**भीम पेमेंट्स ऐप पर यूपीआई भुगतान के लिए बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लॉन्च करने की घोषणा की**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड (एनबीसीएल), जो कि नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, ने आज भीम पेमेंट्स ऐप पर यूपीआई भुगतान के लिए बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन फीचर लॉन्च करने की घोषणा की। यह नया फीचर यूजर्स को 5,000 रुपये तक के यूपीआई लेनदेन को फिंगरप्रिंट या फेस रिकग्निशन के माध्यम से मंजूरी देने की सुविधा देता है, जिससे रोजमर्रा के भुगतान तेज, आसान और अधिक सुरक्षित हो जाते हैं। यह सुविधा वर्तमान में उन आईओएस और एंड्रॉयड डिवाइस पर उपलब्ध है जो बायोमेट्रिक क्षमताओं को सपोर्ट करते हैं।
इस फीचर के साथ, भीम यूजर्स को हर बार भुगतान के लिए यूपीआई पिन दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होगी। यह उन स्थितियों में विशेष रूप से उपयोगी है जब यूजर्स पिन भूल जाते हैं या गलत दर्ज कर देते हैं, जिससे भुगतान विफल हो सकता है। यह सुविधा पैसे भेजने, मर्चेंट क्यूआर स्कैन करने और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन जैसे सामान्य उपयोग के मामलों में भी लागू होगी, जिससे डिजिटल भुगतान का अनुभव और अधिक सहज और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनता है।
ललिता नटराज, एमडी एवं सीईओ, एनबीएसएल ने कहा, भीम पेमेंट्स ऐप का उद्देश्य हमेशा से डिजिटल भुगतान को हर भारतीय के लिए सरल, सुरक्षित और सुलभ बनाना रहा है। बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के साथ, हम रोजमर्रा के भुगतान को और आसान बना रहे हैं, साथ ही उनकी सुरक्षा और भरोसे को भी मजबूत कर रहे हैं। फिंगरप्रिंट या फेस अनलॉक के माध्यम से भुगतान की पुष्टि करके, हम पिन पर निर्भरता कम कर रहे हैं और भुगतान को सीधे यूजर से जोड़ रहे हैं। यह लाखों भारतीयों के लिए एक सहज और भरोसेमंद डिजिटल भुगतान अनुभव बनाने की दिशा में एक और कदम है।
बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन भुगतान में एक अतिरिक्त सुरक्षा परत जोड़ता है। क्योंकि फिंगरप्रिंट और फेस रिकग्निशन प्रत्येक यूजर के लिए विशिष्ट होते हैं और डिवाइस में सुरक्षित रहते हैं, इसलिए भुगतान सीधे यूजर की पहचान से जुड़ा रहता है। इससे पिन साझा करने या गलत दर्ज करने जैसे जोखिम कम हो जाते हैं और यूजर्स अधिक भरोसे के साथ लेनदेन कर सकते हैं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं | T-24-TRD-MB-25-26 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के 53 लेवल क्रॉसिंग गेटों पर ड्रमी ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) की व्यवस्था करना। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 14.04.2026,15:00 hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत | Rs 2,71,15,572.92/- (Including GST@ 18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि | Rs. 2,85,600/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 Days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 06 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. |

निविदा सूचना स.: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-26 दिनांक: 23.03.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 987/26

# फिल्मी कहानी जैसी सच्चाई: ऑपरेशन स्माइल ने 8 साल बाद मां से मिलाया बेटा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत आठ साल पहले घर से बिछड़े बेटे को उसकी मां से मिलाकर मानवता की मिसाल पेश की है। बेटे को सामने देखकर मां की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े।
जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के बरेली की रहने वाली एक महिला के दो बेटे करीब आठ साल पहले अपने पिता की डांट से नाराज होकर घर से बिना बताए चले गए थे। उस समय उनकी उम्र लगभग 6 और 4 साल थी। इसके बाद दोनों बच्चों का कोई पता नहीं चला। माता-पिता वर्षों तक अलग-अलग शहरों और राज्यों में




अपने बच्चों की तलाश करते रहे और बरेली के फरीदपुर थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।
इस बीच 16 मार्च को हरिद्वार पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने ऑपरेशन स्माइल के तहत हरिद्वार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-5 पर खड़ी बांद्रा एक्सप्रेस से तीन बालकों को रेस्क्यू किया। काउंसलिंग के दौरान पता चला कि उनमें से एक किशोर वही बच्चा है, जो आठ साल पहले घर से भाग गया था। पुलिस टीम ने अधूरी जानकारी के आधार पर बिहार और उत्तर प्रदेश के विभिन्न गांवों में संपर्क किया तथा सोशल मीडिया के माध्यम से भी तलाश शुरू की। आखिरकार 19 मार्च को किशोर की मौसी से संपर्क हुआ। मौसी के माध्यम से किशोर और उसकी मां की वीडियो कॉल पर बात करवाई गई। बेटे को देखते ही मां भावुक हो उठी और उसे पहचान लिया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर किशोर को बाल कल्याण समिति हरिद्वार के समक्ष पेश किया गया और काउंसलिंग के बाद उसे उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया। आठ साल बाद बेटे को गले लगाते ही मां की आंखों में खुशी के आंसू और चेहरे पर मुस्कान साफ दिखाई दे रही थी। मां ने इस भावुक पल के लिए हरिद्वार पुलिस और ऑपरेशन स्माइल टीम का दिल से आभार जताया। मां ने अपने दूसरे बेटे को भी ढूंढने की गुहार पुलिस से लगाई है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्योरिटी | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2025तीसरी कॉल– मुरादाबाद डिवीजन के विभिन्न स्थानों पर पंप स्थापना और संबंधित सहायक उपकरणों की व्यवस्था के लिए विद्युत कार्य। | 10722601.36 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद | 203600.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 15.04.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय मुरादाबाद। |


सूचना संख्या : 09/2026 दिनांक: 24/03/2026 993/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भगवान श्रीकृष्ण के विराट व्यक्तित्व में सांदीपनि आश्रम का योगदान महत्वपूर्णः मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उप्र के वृंदावन में जीवनदीप आश्रम लोकार्पण कार्यक्रम को किया संबोधित, संत-वृंद को सिंहस्थ : 2028 के लिए किया आमंत्रित, भगवान श्रीकृष्ण बृज में पराक्रम करने के बाद शिक्षा ग्रहण करने उज्जैन के सांदीपनि आश्रम पधारे थे, इस नाते विश्व के सम्मुख भगवान श्री कृष्ण का जो विराट व्यक्तित्व आया उसमें उज्जयिनी का योगदान रहा

**सनातन**

मथुरा-गोकुल के समान मध्य प्रदेश भी सनातन के विचार को बनाए रखने और उसके विस्तार में योगदान देता है





**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश से मथुरा-वृंदावन-गोकुल क्षेत्र का 5000 वर्ष से जीवंत संपर्क रहा है। भगवान श्रीकृष्ण बृज में पराक्रम करने के बाद शिक्षा ग्रहण करने उज्जैन के सांदीपनि आश्रम पधारे थे। इस नाते विश्व के सम्मुख भगवान श्री कृष्ण का जो विराट व्यक्तित्व आया उसमें उज्जयिनी का योगदान रहा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को उत्तर प्रदेश के वृंदावन में जीवनदीप आश्रम के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मथुरा-गोकुल के समान मध्य प्रदेश भी सनातन के विचार को बनाए रखने और उसके विस्तार में योगदान देता रहा है। कार्यक्रम में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, श्री पंच दस नाम जूना अखाड़ा महामंडलेश्वर जीवनदीप पीठाधीश्वर स्वामी यतींद्र आनंद गिरि, महामंडलेश्वर अवधेशानंद जी, साध्वी ऋतंभरा सहित समस्त संत वृंद तथा बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बालकों की प्रस्तुत हनुमान चालीसा के साथ हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जयिनी में वर्तमान में सिंहस्थ-2028 के लिए तैयारियां जारी हैं। उन्होंने जीवनदीप आश्रम के लोकार्पण में पधारे समस्त संत वृंद को सिंहस्थ-2028 के लिए आमंत्रित करते हुए उनसे उज्जैन पधारने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने स्वामी यतींद्र आनंद गिरि जी की आध्यात्मिक यात्रा और समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों के साथ "सनातन धर्म और जीवन दर्शन" पुस्तक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि वर्तमान में विश्व के कई देशों की व्यवस्था लड़खड़ा रही है। सनातन धर्म-संस्कृति की ध्वजा कई विपरीत परिस्थितियों को झेलने के बाद भी पूर्ण गरिमा के साथ लहरा रही है। इसमें हमारे आश्रमों और संतों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सुदृढ़ अधोसंरचना का विकास अत्यंत आवश्यकः उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंगलवार को भोपाल स्थित मंत्रालय में विंध्य क्षेत्र में सड़क, फ्लाइओवर एवं पुल-पुलिया निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सुदृढ़ अधोसंरचना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में रीवा फ्लाइओवर, संस्कृत विश्वविद्यालय लक्ष्मण बाग के समीप प्रस्तावित एप्रोच रोड, मऊगंज बायपास तथा मऊगंजझपटेरा औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़क सहित विभिन्न प्रमुख अधोसंरचना परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रगति, शेष कार्य पर विस्तार से चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों में अंतर्विभागीय समन्वय की आवश्यकता है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकृत किया जाए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रशासनिक स्तर की स्वीकृतियों, भूमि संबंधी मुद्दों, तकनीकी अड़चनों एवं मैदानी समस्याओं को चिन्हित कर उनके समाधान हेतु त्वरित और यथोचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि क्षेत्र के औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए सुदृढ़ अधोसंरचना का विकास अत्यंत आवश्यक है।

## लंबित भर्तियों में नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र करें पूर्ण : उप मुख्यमंत्री शुक्ल



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंगलवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न विषयों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने विभागीय भर्ती प्रक्रियाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लंबित भर्तियों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में मानव संसाधन की कमी को शीघ्र दूर किया जा सके। उन्होंने कर्मचारी चयन बोर्ड (ईएसबी) एवं मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीएससी) के साथ निरंतर संपर्क एवं समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि भर्ती प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। साथ ही, सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी औपचारिकताओं की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अस्पताल सहायक के रिक्त पदों की भर्ती के संबंध में प्रस्ताव को शीघ्र कर्मचारी चयन बोर्ड को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह पद स्वास्थ्य संस्थानों के सुचारू संचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, अतः इसमें विलंब न किया जाए। मेडिकल कॉलेजों एवं स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग टीचरों की नियुक्ति प्रक्रिया की भी समीक्षा की और प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित एवं योग्य नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# दस हजार भर्तियों को लेकर गहलोत का हमला, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़

**साधा निशाना**

10 हजार भर्तियों की घोषणा की थी, लेकिन अब तक न तो भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई और न ही कोई परीक्षा हुई



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः** राजस्थान के शिक्षा विभाग में 10 हजार भर्तियों की घोषणा को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर भाजपा सरकार पर युवाओं को भ्रमित करने का आरोप लगाया। गहलोत ने कहा कि सरकार ने बड़े-बड़े दावे करते हुए 10 हजार भर्तियों की घोषणा की थी, लेकिन अब तक न तो भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई और न ही कोई परीक्षा आयोजित की गई। उन्होंने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए कहा कि यह लाखों युवाओं के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा कि बार-बार भर्ती कैलेंडर बदलना और वादों को अधूरा छोड़ना युवाओं के विश्वास को तोड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में बेरोजगार युवा केवल इंतजार और निराशा का सामना कर रहा है। गहलोत ने अपने कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से भर्तियां कर युवाओं को अवसर दिए गए थे।

## भीम पेमेंट्स ऐप ने एंड्रॉइड और आईओएस पर यूपीआई भुगतान के लिए बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड (एनबीएसएल)जो कि नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है ने आज भीम पेमेंट्स ऐप पर यूपीआई भुगतान के लिए बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन फीचर लॉन्च करने की घोषणा की। यह नया फीचर यूजर्स को 5000 रुपए तक के यूपीआई लेनदेन को फिंगरप्रिंट या फेस रिकग्निशन के माध्यम से मंजूरी देने की सुविधा देता है जिससे रोजमर्रा के भुगतान तेज,आसान और अधिक सुरक्षित हो जाते हैं। यह सुविधा वर्तमान में उन आईओएस और एंड्रॉइड डिवाइस पर उपलब्ध है जो बायोमेट्रिक क्षमताओं को सपोर्ट करते हैं।इस फीचर के साथ भीम यूजर्स को हर बार भुगतान के लिए यूपीआई पिन दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होगी। यह उन स्थितियों में विशेष रूप से उपयोगी है जब यूजर्स पिन भूल जाते हैं या गलत दर्ज कर देते हैं जिससे भुगतान विफल हो सकता है। यह सुविधा पैसे भेजने,मर्चेंट क्यू आर स्कैन करने और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन जैसे सामान्य उपयोग के मामलों में भी लागू होगी जिससे डिजिटल भुगतान का अनुभव और अधिक सहज और उपयोगकर्ता अनुकूल बनता है। ललिता नटराज एमडी एवं सीईओ एनबीएसएल ने कहा भीम पेमेंट्स ऐप का उद्देश्य हमेशा से डिजिटल भुगतान को हर भारतीय के लिए सरलए सुरक्षित और सुलभ बनाना रहा

# उज्जैनः आकाशीय अवलोकन शिविर में देख सकते हैं आसमान में ग्रहों की चहलकदमी

**अवलोकन**

आकाशीय अवलोकन शिविर प्रारंभ हुआ है, जो कि 29 मार्च तक प्रतिदिन सायं 7 से रात्रि 9 बजे तक चलेगा



**टीम एक्शन इंडिया**

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन के आसमान में इन दिनों ग्रहों की चहलकदमी चल रही है। इन्हें बहुत अच्छे से दूरबीन की सहायता से जीवाजी वेधशाला में देखा जा सकता है। दरअसल, उज्जैन में सोमवार से आकाशीय अवलोकन शिविर प्रारंभ हुआ है, जो कि 29 मार्च तक प्रतिदिन सायं 7 से रात्रि 9 बजे तक चलेगा। जीवाजी वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रकाश गुप्त ने बताया कि वर्तमान में आकाश में शाम के समय सूर्यास्त के बाद पश्चिम दिशा में शुक्र ग्रह लट्टू की तरह चमकदार दिखाई दे रहा है। सिर के ऊपर मध्य में चमकदार बृहस्पति ग्रह दिखाई दे रहा है। साथ ही शुक्ल पक्ष का प्रतिदिन बढ़ता हुआ चंद्रमा आकाश में दिखाई दे ही रहा है। डॉ.गुप्त ने बताया कि इन तीन खगोलीय पिण्डों के अवलोकन के लिए यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के अंतर्गत प्रतिभागियों को आकाशीय जानकारी प्रदान की जाएगी। वहीं 8 इंच व्यास के टेलिस्कोप से चंद्रमा की सतह के गड्ढे, पहाड़, सौर मंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति की सतह की पट्टियां एवं उसके उपग्रहों, पृथ्वी के नजदीक ग्रह शुक्र को उसकी चंद्रमा की तरह कलाओं के साथ दिखाया एवं समझाया जाएगा। शुक्र ग्रह नीचे की स्थिति में होने के कारण सायं 7.30 बजे बाद टेलिस्कोप की परिधि से बाहर हो जाएगा, इसलिए इसे सायं 7.30 बजे तक ही देखा जा सकेगा। मौसम साफ होने पर ही

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने ईजी टू लव नई कुशाक के लॉन्च के साथ वैल्यू, परफॉर्मेंस और सेफ्टी को नए सिरे से परिभाषित किया


**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडीः** स्कोडा ऑटो इंडिया ने रिफ्रेश्ड और अपग्रेडेड नई कुशाक की कीमतों और कस्टमर डिलीवरी शुरू होने की घोषणा कर दी है। इस साल जनवरी में लॉन्च हुई नई कुशाक वैल्यू,सेफ्टी, ड्राइविंग डायनामिक्स के मामले में सबसे आगे है और पूरी रेंज में यूरोपियन टेक्नोलॉजी को सबके लिए लाने की ब्रांड की स्ट्रैटेजी को आगे बढ़ाती है।सेगमेंट.फर्स्ट टेक्नोलॉजी जैसे बिल्कुल नया एट स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन, रियर सीट मसाजर और कई नए फीचर्स के साथ साथ स्टैंडर्ड इक्विपमेंट के साथ नई कुशाक 1.0 टीएसआई और नई कुशाक 1.5 टीएसआई दोनों ही स्कोडा ऑटो इंडिया की यूरोपियन इंजीनियरिंग और 5 स्टार सेफ्टी को भारतीय सड़कों पर ज्यादा आसानी से चलने वाली बनाने की स्ट्रैटेजी को फॉलो करती हैं। नई कुशाक पांच ट्रिम्स में उपलब्ध है क्लासिक,सिग्नेचर,स्पोर्टलाइन,प्रेस्टीज और मोंटे कार्लो जो मैनुअल और रियल ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ टबोर्चार्ज्ड पेट्रोल इंजन का ऑप्शन देती है।

# माही बांध को मिलेगी अब अंतरराष्ट्रीय पहचान

**टीम एक्शन इंडिया**

**बांसवाड़ा।** राज्य सरकार ने बांसवाड़ा के माही बांध क्षेत्र को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र बनाने की दिशा में एक मास्टर प्लान तैयार करने का निर्णय लिया है। 'सिटी ऑफ हंड्रेड आइलैंड्स' के नाम से मशहूर माही बांध के भराव क्षेत्र में बिखरे प्राकृतिक टापुओं को अब पर्यटन के नए आयामों से जोड़ा जाएगा। प्रशासनिक सुधार विभाग ने इसके लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन कर दिया है, जिसकी कमान उदयपुर संभागीय आयुक्त को सौंपी गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य माही के बैकवॉटर में फैले द्वीपों और आसपास की पहाड़ियों को इको-टूरिज्म के रूप में विकसित करना है। सरकार की इस पहल से अब यहां नियंत्रित और पर्यावरण के अनुकूल वाटर स्पोर्ट्स, नेचर-बेस्ड टूरिज्म और आकर्षक व्यू-पॉइंट्स तैयार किए जाएंगे। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने इसे राज्य सरकार की दूरदर्शी पहल बताते हुए कहा है कि इस प्रोजेक्ट से न केवल जल संरक्षण सुनिश्चित होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के हजारों नए अवसर भी पैदा होंगे।



यह समिति अब क्षेत्र की भूमि के उपयोग, डिमार्केशन और वाटर एक्टिविटीज के संचालन के लिए कड़े नियम और दिशा-निर्देश तैयार करेगी। खास बात यह है कि विकास के दौरान पर्यावरण मानकों और जल की शुद्धता का पूरा ध्यान रखा जाएगा ताकि प्रदूषण की कोई गुंजाइश न रहे। आने वाले समय में माही बांध क्षेत्र राजस्थान ही नहीं बल्कि देश के प्रमुख पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में उभरकर सामने आएगा।

**दिशा-निर्देश**

डिमार्केशन और वाटर एक्टिविटीज के संचालन के लिए कड़े नियम और दिशा-निर्देश तैयार करेगी

# आरबीएसई 10वीं का रिजल्ट जारीः 94.23% रहा परिणाम, लड़कियां फिर आगे




**परिणाम**

इस वर्ष कुल परिणाम 94.23 प्रतिशत रहा, जो पिछले साल के 93.06 प्रतिशत से 1.17 प्रतिशत अधिक है

**टीम एक्शन इंडिया**

**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (आरबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। इस वर्ष कुल परिणाम 94.23 प्रतिशत रहा, जो पिछले साल के 93.06 प्रतिशत से 1.17 प्रतिशत अधिक है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अजमेर स्थित कार्यालय से शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने दोपहर करीब एक बजे रिजल्ट की घोषणा की।

इस बार भी लड़कियां परिणाम में आगे रहीं। लड़कों का परिणाम 93.63 प्रतिशत, जबकि लड़कियों का परिणाम 94.90 प्रतिशत रहा। रिजल्ट जारी होने के तुरंत बाद बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट कई जगह धीमी पड़ गई या खुलने में दिक्कत आने लगी। इसके चलते बड़ी संख्या में विद्यार्थी अपना परिणाम देखने में परेशानी का सामना कर रहे हैं। यह पहला मौका है जब 10वीं का परिणाम 12वीं से पहले जारी किया गया है। साथ ही मार्च माह में रिजल्ट घोषित होना भी बोर्ड के इतिहास में पहली बार हुआ है।

राज्य सरकार द्वारा एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू करने के निर्देशों के चलते इस बार परिणाम समय से पहले जारी किया गया।

इस वर्ष 10वीं बोर्ड परीक्षा में 10 लाख 68 हजार 109 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। परीक्षाएं 12 फरवरी से शुरू हुई थीं।

राज्य के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मिलेगा बड़ा बढ़ावा- उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, *खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 गेम-चेंजर, खेलों में करियर बनाने का बड़ा मंच ओलंपियन

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स छत्तीसगढ़ के लिए मील का पत्थर

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** बुधवार 25 मार्च से शुरू हो रहे पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेजबानी के लिए छत्तीसगढ़ पूरी तरह तैयार है और राज्य के उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव का मानना है कि यह राज्य के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को बड़ा बढ़ावा देगा। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री साव ने मंगलवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स भारतीय खेल इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। श्री साव ने बताया कि, हमने पहले सरगुजा ओलंपिक और बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन छोटे स्तर पर किए हैं। अब खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेजबानी कर हम एक बड़े मंच पर कदम रख रहे हैं, जो हमारी क्षमताओं की परीक्षा भी लेगा और उन्हें नई ऊंचाई देगा।उन्होंने कहा, यह छत्तीसगढ़ के लिए निस्संदेह एक ऐतिहासिक और यादगार आयोजन है। यह हमारे खेल प्रतिभा और बुनियादी ढांचे को बड़ी मजबूती देगा। साथ ही, यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के आयोजन का प्रत्यक्ष अनुभव भी प्रदान करेगा।

श्री साव ने बताया कि, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों के साथ खेलने और उन्हें देखने का अनुभव छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के लिए बेहद समृद्ध करने वाला होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह आयोजन राज्य के खेल तंत्र और खिलाड़ियों दोनों के लिए बड़ी ताकत साबित होगा।



खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में 30 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हिस्सा लेंगे और कुल नौ खेलों का आयोजन होगा। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, वेटलिफ्टिंग और कुश्ती में पदक दिए जाएंगे, जबकि मल्लखंब और कबड्डी प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल होंगे। करीब 3,800 प्रतिभागी इन खेलों में हिस्सा लेंगे, जो 3 अप्रैल तक चलेंगे। प्रतियोगिताएं रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा में आयोजित की जाएंगी। कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर होंगे। एथलेटिक्स में सर्वाधिक 34 स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। तैराकी (24), कुश्ती (18), वेटलिफ्टिंग (16) और तीरंदाजी (10) में भी दो अंकों में स्वर्ण पदक होंगे। हॉकी और फुटबॉल टीम खेल हैं, जिनका आयोजन रायपुर में होगा। एथलेटिक्स जगदलपुर में और कुश्ती सरगुजा में आयोजित की जाएगी। भारत के शीर्ष खिलाड़ी, हॉकी ओलंपियन दिलीप तिर्की, सलीमा टेटे और शीर्ष धावक अनिमेष कुजूर ने कहा, खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स खेलों में करियर बनाने और आदिवासी समुदाय से निकले दिग्गज खिलाड़ियों से प्रेरणा लेने का एक शानदार मंच है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व ओलंपियन दिलीप तिर्की ने साई मीडिया से कहा, मेरे लिए और हम सभी के लिए यह गर्व की बात है कि देश में पहली बार इस तरह की चौंपियनशिप शुरू हो रही है। यह युवाओं और आदिवासी खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और खेलों में आगे बढ़ने, तथा देश के लिए खेलने का एक बेहतरीन अवसर है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि भारत एक खेल राष्ट्र बने।

## संपादकीय

# वैश्विक ऊर्जा संकट 1970 के दशक से भी भयंकर

पश्चिम एशिया में अमेरिकाझ्रइजराइल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा को अभूतपूर्व संकट में डाल दिया है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के प्रमुख फातिह बिरोल द्वारा दी गई चेतावनी कि यह संकट 1970 के दशक के तेल संकट से भी अधिक गंभीर हो सकता है, वर्तमान स्थिति की भयावहता को रेखांकित करती है। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते तनाव ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को अस्थिर कर दिया है, जिससे ऊर्जा बाजारों में अनिश्चितता चरम पर पहुंच गई है। इतिहास में पीछे जाएं और 1970 के दशक को देखें तो ध्यान में आता है कि उस दौरान भी तेल संकट मुख्यतः उत्पादन में कटौती और राजनीतिक दबावों के कारण उत्पन्न हुआ था, किंतु उस तुलना में वर्तमान संकट कहीं अधिक जटिल है। इसमें सैन्य संघर्ष, समुद्री मार्गों पर खतरा, साइबर और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा जैसे कई आयाम शामिल हैं। डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान को दी गई सख्त चेतावनी कि यदि ह्यहोर्मुज जलडमरूमध्यह्न को नहीं खोला गया तो ईरानी ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया जाएगा ने स्थिति को और अधिक विस्फोटक बना दिया है।स इसी के समानांतर, इजराइल ने भी अपने सैन्य अभियानों को तेज किया है, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता और बढ़ गई है। मिसाइल हमलों और जवाबी कार्रवाई ने वैश्विक ऊर्जा प्रवाह को भी बाधित किया है। जबकि ये सर्वविदित है कि ह्यहोर्मुज जलडमरूमध्यह्न विश्व के कुल तेल और गैस परिवहन का लगभग 20 फीसद वहन करता है। इस मार्ग में किसी भी प्रकार की रुकावट का अर्थ है वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी उथल-पुथल। वर्तमान संघर्ष के कारण कई टैंकर इस मार्ग से गुजरने में असमर्थ रहे हैं और सैकड़ों जहाज खाड़ी में लंगर डाले प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस स्थिति के चलते वर्तमान में ऊर्जा कीमतों में अस्थिरता, परिवहन लागत में वृद्धि और वैश्विक मुद्रास्फीति के बढ़ने का भी संकेत लगतार मिल रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) सदस्य देशों ने 40 करोड़ बैरल तेल अपने रणनीतिक भंडार से जारी करने का निर्णय लिया है। यह कदम बाजार में अस्थिरता को नियंत्रित करने का प्रयास है, किंतु यदि संघर्ष लंबा खिंचता है, तो यह उपाय भी सीमित साबित हो सकता है। भारत, जोकि अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है, इस संकट से सीधे प्रभावित होने वाला देश है। फिर भी, इस संकट के दौरान भारत ने जिस प्रकार बहुस्तरीय रणनीति अपनाई है, वह उल्लेखनीय है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कूटनीति, सैन्य तैयारी और आर्थिक प्रबंधन का संतुलित समन्वय प्रस्तुत किया है। जहां कई देश केवल प्रतिक्रिया देते नजर आए, वहीं भारत ने सक्रिय नीति अपनाते हुए संकट को अवसर में बदलने का प्रयास किया।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# आखिर क्यों नहीं रुक रहीं सीवर मौतें ?

सुनील कुमार महला

> "ऐसा भी नहीं है कि सरकार इस संबंध में कुछ नहीं कर रही है। वास्तव में, सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए समय-समय पर कई पहलें की हैं। यहां पाठकों को बताता चलूं कि 'नमस्ते' (नेशनल एक्शन प्लान फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम) योजना और स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत मशीनीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वास्तव में, इस योजना के अंतर्गत 84,000 से अधिक सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मियों की पहचान की गई है। इतना ही नहीं, 3,000 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों में 100 प्रतिशत मशीनीकृत सफाई की रिपोर्ट दी गई है"

हमारे देश में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान होने वाली मौतें एक अत्यंत गंभीर, संवेदनशील और शर्मनाक सच्चाई हैं। वास्तव में, यह समस्या केवल और केवल तकनीकी नहीं, बल्कि यह सामाजिक, प्रशासनिक और मानवाधिकारों से गहराई से जुड़ी हुई है।इस क्रम में, सबसे दुखद व अहम तथ्य यह है कि 'हाथ से मैला ढोने वालों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013' हमारे देश में लागू होने के बावजूद भी यह प्रथा वर्तमान में पूरी तरह से समाप्त नहीं हो सकी है। बहरहाल,यदि हम यहां पर आंकड़ों की बात करें तो उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2018 से 2023 के बीच देश में 400 से अधिक मजदूरों की मौत सीवर या सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान हुई। वहीं पिछले पाँच वर्षों (वर्ष 2018 से वर्ष 2023 तक) में लगभग 339 मौतें दर्ज की गईं। वर्षवार सरकारी आंकड़ों के अनुसार साल 2018 में 67, 2019 में 117, 2020 में 22, 2021 में 58, 2022 में 66 तथा 2023 में (आंशिक डेटा) 9 मौतें हुईं। वहीं, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अनुसार वर्ष 1993 से 2025 तक कुल लगभग 1313 मौतें दर्ज की गई हैं। इसके अतिरिक्त, साल 2019 से 2023 के बीच लगभग 377 मौतें, 2016झ्र2020 के बीच लगभग 340 मौतें तथा 1993झ्र2010 के बीच करीब 920 मौतें हुईं। वर्ष 2017 के बाद कुछ समय तक औसतन हर 5 दिन में एक मौत सीवरेज सफाई के दौरान दर्ज की गई। यदि हम यहां पर राज्यवार स्थिति को देखें तो उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र में अपेक्षाकृत अधिक मौतें सामने आई हैं। संसद में प्रश्नकाल के दौरान प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार 2021 से 2025 के बीच कुल 315 सफाईकर्मियों की मौत हुई, जिनमें महाराष्ट्र में 53, हरियाणा में 43, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में 35-35, दिल्ली में 26 तथा गुजरात में 24 मौतें दर्ज की गईं। हालिया आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2017 से 2026 के बीच लगभग 622 से अधिक सफाईकर्मियों की मौत हो चुकी है, जिनमें से 471 मौतें केवल 2019 के बाद दर्ज की गईं।



महाराष्ट्र, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में इन घटनाओं की संख्या सबसे अधिक है। यहां यह ध्यान देने योग्य है कि ये केवल आधिकारिक आंकड़े हैं; वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है, क्योंकि अनेक घटनाएं तो दर्ज ही नहीं हो पातीं हैं।

जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं कि भारत में मैनुअल स्कैवेंजिंग-2013 के कानून के तहत पूर्णतः प्रतिबंधित है, फिर भी ठेकेदारी प्रथा, विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की कमी और प्रशासनिक लापरवाही के कारण ये मौतें आज भी जारी हैं। कहना गलत नहीं होगा कि अधिकांश घटनाएं शहरी क्षेत्रों में और विशेष रूप से ठेकेदारी व्यवस्था के अंतर्गत होती हैं। कितनी बड़ी बात है कि आज हम आधुनिक तकनीक व एआइ के जमाने में जी रहे हैं, लेकिन बावजूद इसके आज भी कई स्थानों पर सीवर की सफाई मैन्युअल रूप से कराई जाती है। यह एक कटु सत्य है कि आज भी मास्क, ऑक्सीजन सिलेंडर, गैस डिटेक्टर जैसे आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का गंभीर अभाव बना हुआ है। वास्तव में, सीवरेज साफ-सफाई की यह समस्या गहरे सामाजिक आयाम भी रखती है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार लगभग 92% सफाईकर्मी अनुसूचित जाति और अत्यंत पिछड़े वर्गों से आते हैं, जिन्हें निजी ठेकेदार कम मजदूरी पर अत्यंत खतरनाक परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर करते हैं। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सीवर में होने वाली मौतें मात्र दुर्घटनाएँ नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता हैं। पाठक यह बात अच्छी तरह से जानते हैं कि सीवर के भीतर मौजूद जहरीली गैसें अत्यंत घातक होती हैं और जैसे ही कोई सफाईकर्मी उसमें उतरता है, गैस तेजी से उसके शरीर में प्रवेश कर जाती है और उसे बचाव का अवसर तक नहीं मिल पाता। इस क्रम में हमारे देश की न्यायपालिका ने समय-समय पर यह साफ निर्देश दिया है कि सीवर सफाई के दौरान वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित हो तथा कार्यस्थल पर ऑक्सीजन, आधुनिक उपकरण और आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

हालांकि, ऐसा भी नहीं है कि सरकार इस संबंध में कुछ नहीं कर रही है। वास्तव में, सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए समय-समय पर कई पहलें की हैं। यहां पाठकों को बताता चलूं कि 'नमस्ते' (नेशनल एक्शन प्लान फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम) योजना और स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत मशीनीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वास्तव में, इस योजना के अंतर्गत 84,000 से अधिक सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मियों की पहचान की गई है। इतना ही नहीं, 3,000 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों में 100% मशीनीकृत सफाई की रिपोर्ट दी गई है तथा 2,500 से अधिक गाद निकालने वाले वाहनों के लिए वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त, सफाईकर्मियों को 35 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया जा रहा है तथा पीपीई किट्स भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्हें 'स्वच्छता उद्यमी' बनाने के उद्देश्य से ?5 लाख तक की सब्सिडी और कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे आधुनिक सक्शन मशीनें और रोबोटिक उपकरण खरीद सकें। यहां पाठकों को बताता चलूं कि सक्शन मशीनें ऐसे यांत्रिक उपकरण होते हैं, जो वैक्यूम (खिंचाव) की सहायता से सीवर या सेप्टिक टैंक के अंदर जमा गंदगी, कीचड़ (स्लज) और अपशिष्ट पदार्थ को बाहर निकालती हैं। ये मशीनें आमतौर पर ट्रक या ट्रॉली पर लगी होती हैं। साथ ही, आयुष्मान भारत योजना के तहत ?5 लाख का स्वास्थ्य बीमा भी प्रदान किया जा रहा है। केरल जैसे राज्यों में रोबोटिक मैनहोल सफाई मशीनों का उपयोग शुरू हो चुका है। केंद्र सरकार ने साल 2023-24 के बजट में देशभर में शत-प्रतिशत मशीनीकरण को बढ़ावा देने पर बल दिया है। फिर भी, हाल की रिपोर्टें बताती हैं कि 90% से अधिक सीवर मौतों में सफाईकर्मियों के पास कोई सुरक्षा उपकरण नहीं था। छोटे शहरों और संकरी गलियों में मशीनों की कमी के कारण आज भी मानव हस्तक्षेप जारी है। प्रशासन कई बार 'मैनुअल स्कैवेंजिंग' और 'खतरनाक सफाई' की परिभाषाओं के आधार पर जिम्मेदारी से बचने का प्रयास करता है, जिससे पीड़ितों को न्याय और मुआवजा मिलने में देरी होती है। यहां यह उल्लेखनीय है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर 2023 के अपने ऐतिहासिक निर्णय में सीवर सफाई के दौरान मृत्यु पर मिलने वाले मुआवजे को ?10 लाख से बढ़ाकर ?30 लाख कर दिया है, जबकि स्थायी विकलांगता की स्थिति में ?20 लाख निर्धारित किया गया है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि यदि मशीनीकरण के अभाव में किसी कर्मचारी को सीवर या सेप्टिक टैंक में उतारा जाता है, तो इसके लिए संबंधित नगर निकाय के अधिकारी जिम्मेदार होंगे और उनके विरुद्ध आपराधिक मुकदमा चलाया जाएगा। निष्कर्षतः, भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान होने वाली मौतें यह स्पष्ट करती हैं कि कानूनी प्रतिबंधों और सरकारी प्रयासों के बावजूद जमीनी स्तर पर परिवर्तन अभी अधूरा है।

## नौकरी की दौड़ में खोती पढ़ाई

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

**आज** का युवा एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां अवसरों की कोई कमी नहीं है, लेकिन उन अवसरों तक पहुंचने का रास्ता पहले से कहीं अधिक जटिल और प्रतिस्पर्धात्मक हो गया है। विशेष रूप से सरकारी नौकरियों के क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की बढ़ती संख्या, उनकी लंबी प्रक्रियाएं और अनिश्चित परिणामों ने छात्रों और अभिभावकों दोनों को गहरी दुविधा में डाल दिया है। सीईटी (सामान्य पात्रता परीक्षा) को इसी संदर्भ में एक बड़ी उम्मीद के रूप में प्रस्तुत किया गया था, लेकिन बीते वर्षों के अनुभव इस उम्मीद पर गंभीर प्रश्न खड़े करते हैं। हरियाणा में 2019 से 2024 के बीच पांच वर्षों की अवधि में इस परीक्षा की प्रक्रिया अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकी। स्थिति यह रही कि इस दौरान केवल एक ही परीक्षा पूरी तरह संपन्न हो पाई, और उससे जुड़ी कुछ भर्तियां आज भी न्यायिक प्रक्रिया में उलझी हुई हैं। 2024-25 के चक्र में भी अभी तक केवल प्रारंभिक परीक्षा ही आयोजित हो सकी है। जिस धीमी गति से पूरी प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, उसे देखते हुए यह आशंका निराधार नहीं है कि अंतिम परिणाम आने में अभी लंबा समय लग सकता है। लेकिन यह समस्या केवल हरियाणा तक सीमित नहीं है। देश के लगभग सभी राज्यों में सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं की स्थिति कमोबेश ऐसी ही है। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, कर्नाटक और यहां तक कि पूर्वोत्तर राज्यों में भी भर्ती परीक्षाओं में देरी, पेपर लीक, न्यायिक विवाद और परिणामों में विलंब जैसी समस्याएं लगातार सामने आती रही हैं। कई राज्यों में परीक्षाएं वर्षों तक आयोजित ही नहीं होतीं, और जब होती हैं तो उनकी प्रक्रिया इतनी लंबी होती है कि उम्मीदवारों की उम्र और धैर्य दोनों की परीक्षा लेने लगती है। इसका सबसे बड़ा असर युवाओं के मानसिक, शैक्षणिक और सामाजिक जीवन पर पड़ता है। हर वर्ष लाखों छात्र स्नातक होकर रोजगार की तलाश में निकलते हैं, लेकिन उपलब्ध सरकारी पदों की संख्या बेहद सीमित रहती है। उदाहरण के तौर पर, यदि पूरे देश में लाखों अभ्यर्थी किसी एक परीक्षा में बैठते हैं, तो चयनित होने वालों की संख्या हजारों में ही सिमट जाती है। ऐसे में केवल सरकारी नौकरी को ही अंतिम लक्ष्य मान लेना और उसी पर निर्भर रहना एक अत्यंत जोखिमपूर्ण निर्णय बन जाता है। इस पूरे परिदृश्य का सबसे चिंताजनक पहलू नॉन-अटेंडिंग कल्चर का तेजी से फैलना है। देश के लगभग हर राज्य में यह प्रवृत्ति देखी जा रही है कि छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के नाम पर कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की नियमित कक्षाओं से दूरी बना लेते हैं। वे यह मान लेते हैं कि सफलता पाने के लिए उन्हें पूरी तरह से पारंपरिक शिक्षा प्रणाली से अलग होना होगा। लेकिन यह सोच धीरे-धीरे उनके भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो रही है। वास्तव में, कॉलेज जीवन केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं होता। यह वह समय होता है।

## विचार

## 25 वर्षों की माँ भारती के चरणों में समर्पित अविस्मरणीय यात्रा

**पंडित मोहनलाल**

विश्व के सबसे लोकप्रिय राजनेता ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारतीय राजनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। वे देश में किसी भी चुनी हुई सरकार के सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले मुखिया बन गए हैं। इसके साथ ही, ढट मोदी ने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग को भी पीछे छोड़ दिया है। चामलिंग ने सिक्किम के मुख्यमंत्री के तौर पर लगातार 8,930 दिनों तक पद संभाला था।अब पीएम मोदी ने सरकार के प्रमुख के तौर पर 8,931 दिन पूरे कर लिए हैं।इसमें गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर उनका कार्यकाल शामिल है।इस तरह, पीएम मोदी नेतृत्व की भूमिका में अपना 25वां साल पूरा कर रहे हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर भारत के प्रधानमंत्री तक, 8,931 दिनों की यह निरंतर जिम्मेदारी सिर्फ सत्ता की नहीं, बल्कि जनसेवा की कहानी है। हर जनादेश, हर जिम्मेदारी और हर निर्णय में एक ही भावना रहीः देश पहले, स्वयं बाद में। इस उपलब्धि को एक दुर्लभ और महत्वपूर्ण उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है. यह दशकों की लगातार जनसेवा और उच्चतम स्तर पर राजनीतिक नेतृत्व को दशार्ती है।अपने करियर के दौरान मोदी जी ने कई उल्लेखनीय रिकॉर्ड बनाए हैं।इनमें गुजरात के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड और मुख्यमंत्री के तौर पर सबसे लंबा अनुभव रखने वाले



प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड शामिल है। वे भारत के ऐसे पहले प्रधानमंत्री भी हैं जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ है। पीएम मोदी ने 2014, 2019 और 2024 के लगातार तीन लोकसभा चुनावों में जीत हासिल की है. यह उपलब्धि उनकी राजनीतिक दीर्घायु और लगातार मिल रहे जनसमर्थन को रेखांकित करती है।

मोदी जी ने सबसे पहले 7 अक्टूबर, 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर पदभार संभाला था. वे 21 मई, 2014 तक इस भूमिका में बने रहे. राष्ट्रीय राजनीति में आने से पहले उन्होंने 13 साल से भी ज्यादा समय तक राज्य का नेतृत्व किया. 26 मई, 2014 को उन्होंने भारत के 14वें प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। इसके साथ ही वे लोकसभा में पूर्ण बहुमत हासिल करने वाले पहले गैर-कांग्रेसी नेता बन गए। बाद में, वे ऐसे पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री बने जिन्होंने अपने कार्यकाल के दो पूरे टर्म पूरे किए और लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की। मोदी जी ने इस साल कई अन्य महत्वपूर्ण पड़ाव भी पार किए हैं, खासकर डिजिटल क्षेत्र में. इसी महीने की शुरूआत में, उनके चैनल पर सब्सक्राइबर्स की संख्या 30 मिलियन (3 करोड़) तक पहुंच गई. इससे इस प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के तौर पर उनकी स्थिति और मजबूत हुई है।इसके साथ ही, सब्सक्राइबर्स की संख्या के मामले में वे मौजूदा और पूर्व दोनों तरह के सरकार प्रमुखों में सबसे आगे हैं. वे अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक हस्तियों से काफी आगे चल रहे हैं। फरवरी में, मोदी जी ने इंस्टाग्राम पर भी 100 मिलियन (10 करोड़) फॉलोअर्स का आंकड़ा पार कर लिया. इसके साथ ही वे इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले मौजूदा समय में दुनिया के पहले नेता बन गए। 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़ने के बाद से वैश्विक नेताओं के बीच उनकी मौजूदगी लगातार बढ़ी है और अब यह सबसे ज्यादा सक्रिय और व्यापक रूप से फॉलो किए जाने वाले अकाउंट्स में से एक बन गई है।मोदी जी के 25 वर्षों का संकल्प–एक बीज से वटवृक्ष तक भारत की विकास यात्रा हैं। सुधार, सुशासन और संकल्प के साथ भारत आज वैश्विक पहचान की नई ऊँचाइयों पर खड़ा है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत ( 9837313943)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
actionindiaddn@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

## किताबों की ओर लौटते देश

**डॉ विजय गर्ग**

**आज** के डिजिटल युग में, जहाँ हमारी आँखें अधिकतर समय स्मार्टफोन, लैपटॉप और टैबलेट की स्क्रीन पर टिकी रहती हैं, एक दिलचस्प चलन देखने को मिल रहा है–किताबों की ओर वापसी। सोशल मीडिया की भागदौड़ और सूचनाओं के सैलाब के बीच, लोग फिर से छपे हुए पन्नों की महक और किताबों के सुकून को अपना रहे हैं।

**क्यों लौट रहे हैं लोग किताबों की ओर?**

डिजिटल थकान ने लोगों को यह एहसास दिलाया है कि स्क्रीन से हटकर कुछ समय शांति से बिताना कितना जरूरी है। इसके पीछे कई ठोस कारण हैं:

गहन एकाग्रताः इंटरनेट पर हम अक्सर 'स्क्रॉलिंग' करते हैं, जिससे ध्यान भटकता है। किताब पढ़ना हमें एक ही विषय पर गहराई से सोचने और एकाग्र होने में मदद करता है।

मानसिक शांतिः किताबों की दुनिया हमें वास्तविक जीवन के तनाव से दूर एक अलग संसार में ले जाती है। यह ध्यान का ही एक रूप है, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

तथ्यात्मक स्पष्टताः इंटरनेट पर जानकारी का भंडार है, लेकिन अक्सर वह भ्रामक हो सकती है। किताबें, विशेषकर गैर-काल्पनिक पुस्तकें, किसी विषय पर अधिक प्रामाणिक और व्यवस्थित ज्ञान प्रदान करती हैं।

डिजिटल डिटॉक्सः लगातार नीली रोशनी के संपर्क में रहने के बाद, रात को सोने से पहले किताब पढ़ना आँखों को आराम देता है और नींद की गुणवत्ता में सुधार करता है।

नई पीढ़ी और किताबों का बढ़ता प्रेम

यह कहना गलत होगा कि आज की पीढ़ी केवल तकनीक की दीवानी है। वास्तव में, (टिकटॉक पर किताबों का समुदाय) और बुकस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्मों ने युवाओं में पढ़ने की रुचि को फिर से जिंदा किया है। किताबें अब केवल ज्ञान का जरिया नहीं, बल्कि एक 'लाइफस्टाइल स्टेटमेंट' भी बन गई हैं। पिछले कुछ वर्षों में यह धारणा बन गई थी कि तकनीक के विस्तार के साथ किताबों का महत्व कम हो जाएगा। लोग स्क्रीन पर पढ़ना पसंद करेंगे और पुस्तकालयों की जगह डिजिटल प्लेटफॉर्म ले लेंगे।

## मिशन विसर्जन

**डॉ. सुरेश**

**अरे भैया रा**म-राम! क्या बताएँ, हमारे मोहल्ले के झुनझुनवाला जी का जो यूरेका-यूरेका है न, वो आर्किमिडीज वाला कम और बॉर्डर वाला सर्जिकल स्ट्राइक ज्यादा लगता है। आर्किमिडीज ने तो टब में बैठ के सिद्धांत खोजा था, पर हमारे झुनझुनवाला जी जब बाथरूम से मुस्कुराते हुए, हवा में मुक्का लहरा के निकलते हैं, तो समझ लो आज उन्होंने गुरुत्वाकर्षण को पटखनी दे दी है। मोहल्ले में सन्नाटा ऐसा रहता है जैसे वर्ल्ड कप के फाइनल में आखिरी गेंद पर छह रन चाहिए हों और स्ट्राइक पर खुद झुनझुनवाला जी का पेट खड़ा हो। सस्पेंस तो देखिए, कबाड़ी भाई हाथ में सिगरेट का बंडल और कड़क चाय की प्याली लेकर ऐसे टहलते हैं जैसे किसी सुसाइड मिशन पे जा रहे हों। बोले– "अरे लल्लन भैया, जब तक ई कैफीन की मिसाइल अंदर जाके धमाका नहीं करती, तब तक नीचे का गेटवे ऑफ इंडिया खुलता ही नहीं है!" उनके पेट को भी रिश्वत चाहिए, बिना 'पेमेंट' के वहां का ट्रैफिक सिग्नल लाल ही रहता है।

अजीब स्थिति हैं भाई, कोई नाभि के पास सरसों का तेल रगड़ रहा है, तो कोई कहता है कि जब तक हम मोहल्ले के उस काले कुत्ते को दो बार जोर से डांट न लें, तब तक विसर्जन का भाव ही नहीं जागता। हमारे हेडमास्टर चौरसिया जी का पेट तो भाई साहब एकदम उसूलों वाला है। जब तक दैनिक जागरण का संपादकीय पढ़ के दो-चार भ्रष्ट नेताओं को मन ही मन सस्पेंड न कर दें, तब तक कुदरत अपनी फाइल आगे नहीं बढ़ाती। चौरसिया जी का एडिटर जब तक खुश नहीं होता, तब तक वो एक इंच नहीं हिलते। वहीं दूसरी तरफ, खन्ना जी बाथरूम में जाकर किशोर कुमार के दर्द भरे नगमे गाते हैं। उन्हें लगता है कि मेरे नैना सावन-भादो गाने से अंदर की खुश्की सावन में बदल जाएगी। संगीत का ऐसा प्रेशर-कुकर उपयोग आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। उधर एडवोकेट साहब हैं, जो टॉयलेट की सीट पर बैठकर सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसले और दलीलें पढ़ते हैं। उनका मानना है कि जब तक दिमाग पर लीगल प्रेशर नहीं पड़ता, तब तक कुदरत अपना फाइनल जजमेंट नहीं सुनाती।

# गेहूं की सरकारी खरीद की आढ़त 64 रुपए अदा करे केंद्र सरकार: सुभाष गुप्ता

**ज्ञापन**

हरियाणा आढ़ती एसोसिएशन ने तहसीलदार को सौंपा मांगों का ज्ञापन पत्र




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारी आज अपनी मांगों को लेकर लघु सचिवालय पहुंचा, जहां उन्होंने अपनी मांगों का ज्ञापन पत्र तहसीलदार कृष्ण कुमार के माध्यम से जिला के डीसी उत्तम सिंह को सौंपा।

हरियाणा आढ़ती एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम सौंपे गए मांग पत्र में कहा है कि वर्ष 2020 में केंद्र सरकार गेहूं और धान की सरकारी खरीद पर दी जाने वाली आढ़त को 40 प्रति क्विंटल कर दिया गया था और 6 साल के आढ़ती संगठन के संघर्ष के बाद केंद्र सरकार ने इसमें 4.75 पैसे की मामूली बढ़ोतरी की है।

उन्होंने कहा कि आज के समय में गेहूं की सरकारी खरीद की आढ़त 64 रुपए के करीब बनती है, जबकि केंद्र सरकार हमें 50.75 पैसे दे रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि हरियाणा सरकार अपने बजट में आढ़तियों को दी जाने वाली आढ़त के भुगतान को नौ रुपए से बढ़ाकर करीब 14 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से अदा करें, ताकि आढ़तियों को राहत मिल सके। उन्होंने एमएसपी पर खरीद की जाने वाली सरसों, बाजरा, सूरजमुखी और सभी फसलों की आढ़त को 2.5 प्रतिशत किया जाए और सभी फसलों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से ही की जाए।

सुभाष गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार ने 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद निर्धारित की है, लेकिन अभी तक हरियाणा की अनाज मंदिरों में बारदाना नहीं पहुंचा है। ऐसे में सीजन सर के ऊपर खड़ा है और अनाज मंडियों में जब अनाज भरने के लिए बोरिया ही नहीं होंगी तो गेहूं की खरीद कैसे की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार बारदाने का तुरंत प्रबंध करें।

उन्होंने कहा कि 2024-25 के दौरान की गई गेहूं की खरीद पर मौसम में गर्मी की अधिकता के कारण आढ़तियों को नुकसान उठाना पड़ा था, जिसकी भरपाई के लिए 12 करोड़ की शॉर्टेज राशि को आढ़तियों को सरकार ने वापस दिए जाने का ऐलान किया था। मगर अभी तक इस पर सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि वह सरकार से मांग करते हैं कि गेहूं की खरीद होने से पहले वह राशि आढ़तियों के खाते में डाल दी जाए, ताकि किसी भी परेशानी से बचने के लिए आढ़तियों को दिक्कत ना हो।

उन्होंने मांग की की मंडियों में हर विभाग के लिए अलग-अलग ट्रांसपोर्ट और ठेकेदार की व्यवस्था की जाए जिससे मंडियो में उठान में दिक्कत ना आए। उन्होंने सरकार से यह भी कहा कि भारत सरकार द्वारा एफसीआई के माध्यम से साइलो पर की जाने वाली खरीद पर केवल आधी आढ़त ही दी जा रही है और कुछ जगह पर केवल 25.37 पैसे प्रति क्विंटल की दर से ही आढ़त दी जा रही है। इसलिए साइलो पर गेहूं खरीद की आढ़त को भी ढाई प्रतिशत के हिसाब से दिया जाए।

उन्होंने यह भी मांग की कि हरियाणा सरकार कमीशन एजेंट को भी जीएसटी रजिस्ट्रेशन से मुक्त करें। ज्ञापन पत्र में कहा गया कि हरियाणा की मंडियों में आढ़तियों को बूथ लाइसेंस प्रदान किए गए थे।

# सेशन जज व सीजेएम ने किया नारी निकेतन, श्रद्धानंद बाल आश्रम व एमडीडी बाल भवन का निरीक्षण

**निरीक्षण**

डॉ. इरम हसन नेनारी निकेतन, श्रद्धानंद बाल आश्रम व एमडीडी बाल भवन का निरीक्षण किया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्डा**

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने मंगलवार को नारी निकेतन, श्रद्धानंद बाल आश्रम व एमडीडी बाल भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नारी निकेतन में रह रही महिलाओं व श्रद्धानंद बाल आश्रम में रह रहे बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके बाद सीजेएम डॉ.इरम हसन ने सब डिविजनल लीगल सर्विसिज इन्द्री का निरीक्षण किया और मध्यस्थता केंद्र इन्द्री के जरिए अदालत में लंबित मुकदमों व कम्युनिटी मैडिएशन के जरिए प्री लिटिगेशन स्टेज के मामलों को निपटारा करने के लिए प्रेरित किया।

इसके अलावा जिला एडीआर सेंटर में पैरा लीगल वालंटियर के लिए ट्रेनिंग का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सीजेएम डा. इरम हसन ने की। उन्होंने गांव काछवा में स्थापित कम्यूनिटी मिडिएशन की जानकारी दी और प्री लिटिगेशन स्टेज के मामलों के निपटारे के लिए कम्युनिटी मिडिएशन सेंटरए काछवा में संपर्क करने के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसल सोनू कुमार ने उपस्थित पैरा लीगल वालंटियर को प्रशिक्षण के जरिए कानूनी विषयों की जानकारी दी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यशैली से अवगत करवाया।

# अच्छा स्वास्थ्य सभी का अधिकार : स्वामी प्रेममूर्ति

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्डा**



**करनाल।** मानव सेवा संघ के पवित्र प्रांगण में अर्पणा ट्रस्ट मधुबन के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा सभी रोगों के इलाज के लिए मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इसमें अर्पणा ट्रस्ट मधुबन के विभिन्न विभागों जैसे हड्डी रोग विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जन तथा नेत्र विशेषज्ञों द्वारा सभी प्रकार के रोगियों की निशुल्क जांच की गई तथा मुफ्त दवाईयां भी वितरित की गईं।

मानव सेवा संघ के उपप्रधान डॉ1 भगत राम खण्डवाल एडवोकेट ने बताया कि मेडिकल कैंप में 62 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा मुफ्त दवाईयां भी वितरित की गईं। नेत्र चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों ने ग्यारह व्यक्तियों जांच उपरान्त मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए उपयुक्त पाया तथा उन्हें उपचार हेतु मुफ्त लेंस लगाए जाने के लिए अर्पणा ट्रस्ट मधुबन ले जाया गयाद्व जहां पर उनका निशुल्क आंखों का ऑपरेशन किया जाएगा और मुफ्त लेंस डालकर वापिस उनके घर तक पहुंचाया जाएगा।

करनाल मानव सेवा संघ के संचालक एवं प्रधान स्वामी प्रेममूर्ति ने सभी डॉक्टरों की टीम तथा उपचार हेतु आए रोगियों तथा सभी उपस्थितजनों को आशीर्वाद दिया तथा कहा कि अच्छा स्वास्थ्य सभी का अधिकार है, क्योंकि पहला सुख निरोगी काया, अत3 सभी जरूरतमंद व्यक्तियों को निशुल्क कैंप में आकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिए तथा आवश्यकता अनुसार इलाज करवाना चाहिए।

भगत राम खण्डवाल एडवोकेट ने बताया कि अगला निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं इलाज शिविर 23 अप्रैल को करनाल मानव सेवा संघ में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि आगामी 14 जून को करनाल मानव सेवा संघ में जरूरतमंद कन्याओं का विवाह समारोह भी आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जरूरतमंद लोग अपना रजिस्ट्रेशन करनाल मानव सेवा संघ में करवा सकते हैं।

# अवैध रूप से सट्टा खाईवाली करते हुए आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्डा**

**करनाल।**

जिला पुलिस द्वारा अवैध सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना शहर की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से पर्चियों के द्वारा नंबर लगाकर सट्टा खाईवाली करते हुए एक आरोपी सुरेंद्र पुत्र काशीराम निवासी सैनी कालोनी करनाल को गिरफ्तार किया है।

अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि मौके से आरोपी के कब्जे से 5520 रुपये नकद बरामद किए गए हैं, जो सट्टेबाजी से संबंधित पाए गए। आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# चोरों ने कन्फेक्शनरी की दुकान के तोड़े ताले

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर में चोरों ने एक कन्फेक्शनरी की दुकान को निशाना बनाते हुए रात के समय ताले तोडकर अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान के अंदर रखे गल्ले को उखाडकर उसमें से करीब 20 हजार रुपए की नकदी लेकर फरार हो गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और जांच टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। कृष्णा फूड हट के मालिक अरूण कुमार ने बताया कि उसकी दुकान के ऊपर ही उसका घर है। बीती रात उसकी तबीयत खराब थी। रात करीब 12 बजे वह दुकान को अच्छी तरह बंद करके ऊपर घर चला गया था और ताले भी चेक किए थे। सुबह जब दूध सप्लाई करने वाला व्यक्ति दुकान पर पहुंचा तो उसने देखा कि दुकान के ताले टूटे हुए हैं और शटर खुला पड़ा है। उसने तुरंत अरूण कुमार को इसकी सूचना दी।

अरूण कुमार ने बताया कि जब वह नीचे दुकान पर पहुंचा और शटर उठाया तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था। गल्ला टूटा हुआ था और उसमें रखे करीब 20 हजार रुपए गायब थे। इसके बाद उसने सीसीटीवी फुटेज चेक की तो उसमें दो चोर दुकान के अंदर चोरी करते हुए साफ नजर आ रहे हैं। अरूण कुमार के अनुसार उसने अक्टूबर 2025 में ही यह दुकान शुरू की थी और इसी से अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। उसे सुबह किसी को पेमेंट देनी थी, इसलिए पैसे दुकान में ही रखे थे।

## न्यूज फ्लैश

### 60 बोतल अवैध देसी शराब सहित आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्डा**

**करनाल।** अवैध शराब की तस्करी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस की टीम द्वारा थाना मुनक के अंतर्गत पुलिस चौकी बल्ला की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध शराब सहित काबू किया है।

पुलिस चौकी बल्ला इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक रोहतास सिंह के नेतृत्व में तथा सहायक उप निरीक्षक रिशु कुमार की अध्यक्षता में पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान मोर माजरा के पास एक व्यक्ति के अवैध शराब सहित मौजूद होने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर लिया।

तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 60 बोतल देसी शराब मार्का मस्ती माल्टा तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। आरोपी की पहचान अनिल पुत्र कर्मबीर निवासी गांव बल्ला, थाना मुनक, जिला करनाल के रूप में हुई है। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना मुनक में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

### कृष्ण कुमार निर्माण की दो पुस्तकों का विमोचन 26 को

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्डा**

**करनाल।** दिल्ली के द्वारका में प्रेरणा दर्पण साहित्यिक एवम सांस्कृतिक मंच और साहित्य 24 की ओर से रामनवमीं यानि 26 मार्च को आयोजित गुलाबी साहित्यिक महोत्सव में कृष्ण कुमार निर्माण की दो पुस्तकों का विमोचन होगा। यह विमोचन इस विशाल साहित्यिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि-शायर डॉक्टर हरीश नवल और विशिष्ट अतिथि ऋषि कुमार शर्मा के हाथों होगा।

बता दें कि कृष्ण कुमार निर्माण की जिन दो पुस्तकों का विमोचन होगा, उनमें एक पुस्तक कुंडली संग्रह है, जिसका शीर्षक मन के जाल्ले और दूसरी पुस्तक जिसका शीर्षक घणा बदलग्या यार जमाना जो कि हरियाणवी लघु कविता संग्रह है।

ज्ञात रहे कि इससे पहले भी कई पुस्तकें कृष्ण कुमार निर्माण लिख चुके हैं और अपनी कविताओं की प्रस्तुति आकाशवाणी और दूरदर्शन से भी दे चुके हैं। विभिन्न समाचार-पत्र, पत्रिकाओं में भी इनकी रचनाएं अक्सर स्थान पाती हैं। बता दें कि निर्माण शिक्षा विभाग हरियाणा में राजपत्रित अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं और विभिन्न साहित्यिक मंचों से भी जुड़े हैं। निर्माण एक बेहतर वक्ता, गजब के मंच संचालक और एंकर, एटिविस्ट, स्तम्भकार, शिक्षाविद हैं और हिंदी, हरियाणवी में गद्य-पद्य में लिखते हैं।

### नशा रोकने के लिए मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर दें जानकारी : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्डा**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि नशा मुक्त भारत 2047 अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नार्कोटिक्स तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अहम कदम उठाया गया है। इस दिशा में गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन-1933 संचालित किया जा रहा है। यह हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे प्रतिदिन सक्रिय रहता है और नागरिकों को किसी भी समय नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों की जानकारी साझा करने की सुविधा दे रहा है।

# देवेंद्र अग्रवाल बने अग्रवाल वैश्य समाज के जिला प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** अग्रवाल वैश्य समाज की संगठनात्मक मजबूती एवं कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने देवेन्द्र अग्रवाल को करनाल जिला ईकाई का अध्यक्ष, संजय गोयल घरौंडा को महासचिव और मुकेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से उन पर जो विश्वास जताया गया है, उस पर वह खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि वह समाज की एकता, संगठनात्मक कार्यों एवं राजनीतिक भागीदारी के संकल्पों को पूरा करने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वह अग्रवाल वैश्य समाज को संगठित करने का प्रयास करेंगे तथा समाज के हितों की प्रभावी रूप से रक्षा और उन्नति सुनिश्चित करेंगे।

# 17 लाख की साड़ियों की चोरी का खुलासा

**खुलासा**

साक्ष्यों के आधार पर 22 मार्च को आरोपी को न्यू बस स्टैंड करनाल क्षेत्र से काबू कर लिया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के ओल्ड सब्जी मंडी क्षेत्र में कपड़े की दुकान का शटर तोडकर लाखों रुपए की साड़ियों और नकदी चोरी करने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। करीब 17 लाख रुपए की साड़ियों और मामूली नकदी की चोरी के इस मामले में पुलिस ने एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया गया है। इस सामान को रखने के लिए आरोपी ने अंबाला जिले में बराडा के पास एक गांव में दुकान किराये पर भी ली हुई थी, वहीं से यह सामान बरामद हुआ है, जबकि वारदात में इस्तेमाल की गई चोरी की कार की तलाश अभी जारी है।

पुलिस ने खुलासा किया है कि आरोपी पर मर्डर, स्नैचिंग, कार चोरी, चोरी व अन्य करीब 60 अपराधिक मामले दर्ज हैं। इन सभी मामलों में आरोपी गिरफ्तार है और 16 मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। अभी आरोपी का रिमांड चल रहा है और पुलिस आरोपी से कार की रिकवरी का भी प्रयास कर रही है।

उल्लेखनीय है कि बीती 2-3 मार्च की दरमियानी रात को अज्ञात व्यक्ति ने करनाल की ओल्ड सब्जी मंडी में अप्सरा श्री एंपोरियम दुकान के शटर का ताला तोडकर अंदर रखी कीमती साडि़ंयां और करीब 1000 से 1200 रुपए की नकदी चोरी कर ली थी और मौके से फरार हो गया था।

घटना के बाद थाना शहर में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

मामले की जांच जिला पुलिस की सीआईए-3 टीम को सौंपी गई थी। इंस्पेक्टर अजेय कुमार के नेतृत्व में एएसआई प्रदीप सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की।

पुलिस टीम ने लगातार सीसीटीवी कैमरों की मदद से 18 दिन तक करीब 300 किलोमीटर के दायरे में आरोपी को ट्रैक किया और उसकी पहचान सुनिश्चित की। विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर 22 मार्च को आरोपी को न्यू बस स्टैंड करनाल क्षेत्र से काबू कर लिया गया।पुलिस जांच में आरोपी की पहचान पंजाब के जालंधर निवासी अर्जुन शर्मा पुत्र खेमचंद के रूप में हुई। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई दर्जनों साड़ियां व अन्य कपड़ों को बरामद कर लिया है। 23 मार्च को आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया, जहां पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए।

डीएसपी राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी बेहद शातिर और आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ हरियाणा के विभिन्न जिलों और पंजाब में करीब 60 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या, छीना-झपटी, चोरी, कार लूट और कार चोरी जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं।

इनमें से 16 मामले अलग-अलग अदालतों में विचाराधीन हैं। आरोपी करीब 50 साल का है और नाबालिग उम्र से ही अपराध की दुनिया में सक्रिय है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वारदात से एक दिन पहले इलाके की रेकी करता था। वह यह देखता था कि किस दुकान में कितना सामान है और सुरक्षा के क्या इंतजाम हैं।

# ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में कांस्य पदक विजेता रोल बॉल खिलाड़ी युक्ति का स्वागत

**शानदार प्रदर्शन**

मिनी नेशनल रोल बॉल चैंपियनशिप में युक्ति ने दिया अपनी प्रतिभा का परिचय




**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत, 24 मार्च ।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) की रोल बॉल खिलाड़ी युक्ति ने तमिलनाडु में आयोजित 15 वीं मिनी नेशनल रोल बॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता में लड़कियों के अंडर-11 आयु वर्ग के मुकाबले में हरियाणा की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। टीम में शामिल स्कूल की चौथी कक्षा की छात्रा युक्ति ने अपनी टीम की सफलता में अहम योगदान दिया। स्कूल में रोल बॉल खिलाड़ी युक्ति का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने युक्ति को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया कि रोल बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से आयोजित 15वीं मिनी नेशनल रोल बॉल चैंपियनशिप में हरियाणा की लड़कियों की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। हरियाणा ने पहले मैच मे असम को 4-3 से हराया व दूसरे मैच मे आरएसएसएस टीम को 6-1 से हराया। पुल के तीसरे मैच में हरियाणा ने कर्नाटक की टीम को 5-0 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया । वहीं क्वार्टर फाइनल में हरियाणा की टीम ने केरल की टीम को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की रोल बॉल खिलाड़ी युक्ति ने इन मैचों में बेहतर खेल दिखाते हुए सभी को प्रभावित किया।

प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि युक्ति बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। उन्होंने भरोसा जताया कि वह आगे चलकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोनीपत का नाम रोशन करेगी । युक्ति की इस सफलता पर जटवाड़ा निवासी उसके पिता गुलाब खत्री व माता प्रीति खत्री ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, निधि, मोनिका, पारुल, ज्योति, रितु सिंह, श्वेता, नमिता, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी ,खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी, स्केटिंग कोच विनोद सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भी युक्ति का हौसला बढ़ाया।

# अज्ञात चोरों ने घुसकर नकदी चुराने के बाद गोदाम में लगा दी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, (संजीव कुमार ) ।**

पुरखास अड्डा स्थित बालाजी डेरी एवं कैटरर्स की दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने घुसकर नकदी चुराने के बाद पेट्रोल डालकर गोदाम में आग लगा दी जिससे लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू किया।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है। सूचना मिलने पर नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन मौके पर पहुंचे और पीड़ित मोहित कटारिया से घटना की जानकारी ली। मोहित ने बताया कि लगभग



रात साढ़े बारह बजे के बाद चोर दुकान में घुसे और सबसे पहले बिजली की तार काट दी ताकि सी सी टी वी कैमरे बंद हो जाएँ और फिर ऑफिस का ताला तोड़कर अलमारी में रखी नगद राशि चुरा ली।

चोर इसके बाद गोदाम में घुसे और पेट्रोल डालकर आग लगा दी जिससे गोदाम में रखा किरयाने का सारा सामान जलकर राख हो गया । गैस सिलेंडर भी लीक कर दिए ताकि आगजनी से सब कुछ जलकर राख हो जाये। शुक्र यह रहा कि गैस के सिलेंडर फटे नहीं अन्यथा आस पड़ोस की दुकानों में भी काफी नुकसान हो सकता था। राजीव जैन ने पीड़ित को सांत्वना देते हुए पुलिस अधिकारियों को फोन किये और कहा कि दोषियों को जल्द पकड़ा जाये।

## न्यूज फ्लैश

### कल्कि कोचलिन, सिद्धांत और अलाया एफ ने लैक्मे फैशन वीक में बिखेरा जलवा

**करनाल।** दो दशकों के सफर, लाखों वॉर्डरोब का हिस्सा बनने और अनगिनत स्टाइल पलों को रचने के बाद, मैक्स फैशन ने अपनी 20वीं सालगिरह को एक यादगार उत्सव में बदल दिया। भारत के सबसे प्रतिष्ठित रनवे, लैक्मे फैशन वीक'पर मैक्स ने महज एक शो नहीं, बल्कि एक शानदार फैशन पार्टी पेश की। मंच पर तीन चमकते सितारों–कल्कि कोचलिन, सिद्धांत चतुर्वेदी और अलाया एफ–की मौजूदगी ने ऊर्जा को दोगुना कर दिया। तीन अलग अंदाज, लेकिन संदेश एक–'फैशन सबके लिए'। शो की शुरुआत बेहद रोमांचक रही, जब सिद्धांत चतुर्वेदी ने रनवे पर कदम रखा और माहौल को एक शानदार परफॉर्मेंस में बदल दिया। उन्होंने मैक्स के अर्बन सेगमेंट के लिए एक दमदार आधार तैयार कर दिया। कल्कि कोचलिन 'शोस्टॉपर' के रूप में 'कोर सेगमेंट' के लिए रनवे पर उतरीं। अपने साथ एक अनोखी पहचान और शांत आत्मविश्वास लेकर आई कल्कि ने, अपनी ग्रेसफुल उपस्थिति और विशिष्ट शैली से पूरे रनवे को अपने वश में कर लिया। मैक्स फैशन के सीईओ, सुमित चंदना ने इस ऐतिहासिक मौके पर अपनी खुशी साझा करते हुए कहा, भारत में 20 साल का सफर पूरा करना मैक्स फैशन के लिए एक बेहद गर्व का क्षण है। भारत हमेशा से एक जीवंत और अभिव्यक्तिपूर्ण फैशन बाजार रहा है। इन वर्षों में हम उस पीढ़ी के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़े हैं, जो आत्मविश्वास, अपनी पहचान और एक बेफि क्र अंदाज के साथ स्टाइल को अपनाती है। लैक्मे फैशन वीक के इस प्रतिष्ठित रनवे पर इस जश्न को लाना, हमारी इस उपलब्धि को मनाने का सबसे उपयुक्त और शानदार तरीका है। इस पूरे शोकेस के केंद्र में अनसीरियस एवरीथिंग्ह थीम थी। यह एक ऐसा अनोखा कॉन्सेप्ट है जो सलीके से की गई बारीक कारीगरी को फैशन के एक चुलबुले और बेफि क्र अंदाज के साथ जोड़ता है। मैक्स का यह नया कलेक्शन तीन प्रमुख स्टाइल कैटेगरी–अर्बन, स्पोर्ट्स कोर और कोर कैजुअल, के जरिए पेश किया गया। ये तीनों ही दिशाएं आज के आधुनिक पहनावे के प्रति एक सहज और अभिव्यक्तिपूर्ण नजरिए को बखूबी दर्शाती हैं।

### टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने तीन नए फंड लॉन्च किए

**हिसार।** भारत की एक प्रमुख निजी जीवन बीमा कंपनी, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने आज तीन नए फंड लॉन्च किए हैं। ये फंड निवेशकों को भारत की विकास क्षमता और वैश्विक तकनीकी प्रगति का लाभ उठाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करते हैं, साथ ही टाटा एआईए की यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान्स के माध्यम से जीवन बीमा सुरक्षा का लाभ भी देते हैं। टाटा एआईए लार्ज मिड कैप इनोवेशन फंड, टाटा एआईए लार्ज मिड कैप इनोवेशन पेंशन फंड, और टाटा एआईए ग्लोबल एआई एंड टेक्नोलॉजी लीडर्स को इस तरह बनाया गया है ताकि निवेशक भारत की नई और आधुनिक कंपनियों और दुनिया भर में हो रही तकनीकी तरक्की से होने वाले मुनाफे का फायदा उठा सकें।ये फंड आईआरडीएआई के नियमों के अनुसार शासित और विनियमित हैं।न्यू फंड ऑफर की जानकारी: एनएफओ की अवधि: 24 मार्च से 31 मार्च 2026 तक। एनएवी पर यूनिट अलॉटमेंट: 31 मार्च 2026 को आधी रात को डोमेस्टिक (भारतीय) फंड्स के लिए 10 और ग्लोबल फंड के लिए $10 की दर से यूनिट्स जारी की जाएंगी। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य निवेश अधिकारी, श्री हर्षद पाटील ने कहा, नवाचार भारत और दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं को नया रूप दे रहा है।

# पूर्व मंत्री कविता जैन ने चिटाने वाली माता की पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

### छठ की कढ़ाई के साथ सवामणी की कढ़ाई कर किया प्रसाद का वितरण

**माता के दर पर**

**चिटाने वाली माता की कृपा से भक्तजनों का होता है कल्याण: कविता जैन**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** पूर्व मंत्री कविता जैन ने शहर में स्थित चिटाने वाली माता के मंदिर में माता की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने भक्तजनों के कल्याण के लिए माता से मनोकामना की। उन्होंने कहा कि माता की कृपा से भक्तों का उत्थान हो रहा है। सच्चे हृदय से की गई प्रार्थना को माता रानी अवश्य स्वीकारती हैं। चिटाने वाली माता के सातवीं के मेले को लेकर माता के भक्तों में उत्साह की लहर दौड़ रही है। मेले के सफल आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसके अंतर्गत ही पूर्व मंत्री कविता जैन ने चिटाने वाली माता मंदिर पुराना शहर में जाकर पूजन किया। उन्होंने मंदिर में छठ की कढ़ाई के साथ सवामणी की कढ़ाई करवाते हुए प्रसाद का वितरण किया। उन्होंने बताया कि 25 मार्च को माता रानी प्रातःकाल 4 बजे कामी रोड स्थित रामलीला ग्राउंड के लिए प्रस्थान करेंगी। यहां प्रातः 5 बजे माता की आरती के साथ मेले का शुभारंभ किया जाएगा। तत्पश्चात आगामी दिवस 27 मार्च को प्रातः 10 बजे माता रानी रामलीला ग्राउंड से रथ पर सवार होकर अपने मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगी और पुनः मंदिर में अपना स्थान ग्रहण करेंगी। माता रानी के मंदिर में वापस विराजने के साथ ही मेले का समापन होगा। यह निराली परंपरा है। माता रानी के दर्शनों के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ता है। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि माता रानी के मेला ग्राउंड में प्रस्थान के दौरान उनके दर्शनों को जनसमूह उमड़ पड़ता है। माता रानी के भक्तों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है। माता के दर्शन मात्र से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं और उनकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। माता के दरबार से कभी कोई निराश नहीं जाता। माता अपने भक्तों का पूरा ध्यान रखती हैं। पूर्व मंत्री कविता जैन ने चिटाने वाली माता से कामना की कि वे अपने सभी भक्तों पर सदैव अपनी कृपा व आशीर्वाद की छाया बनाये रखें। इस अवसर पर पं. अमित शौनक, प्रधान महेश गोयल, तरुण गोयल, कैलाश कुच्छल, अजय कुच्छल, अशोक कुमार, दीपक गोयल, अनिल कुच्छल, मनीष कुच्छल, प्रदीप कुमार, नरेश गोयल, सुधीर कुमार, देवेंद्र कुच्छल, अमित शर्मा, शुभम गोयल, वेद कुच्छल आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# आढतियों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 24 मार्च (बिजेंद्र सिंह)।** जिला अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के बैनर तले पानीपत जिला की मंडियों के आढतियों ने मंगलवार को जिला सचिवालय में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और तहसीलदार को मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पानीपत मंडी आढती एसोसिएशन के जिला प्रधान धर्मबीर मलिक ने किया। इस मौके पर जिला प्रधान धर्मबीर मलिक ने कहा कि हरियाणा एक कृषि प्रधान देश है और प्रदेश के आर्थिक विकास में किसानों व आढ़तियों का अहम योगदान है लेकिन सरकार इनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। आढ़तियों की कई प्रमुख मांगें है, जिनको अब गेहूं का सीजन शुरू होने से पहले ही पूरा किया जाए। उन्होंने बताया कि पहले आढ़तियों को 2.50 प्रतिशत आढत मिलती थी और उसे कम कर दिया गया, लेकिन अब भी 2.50 प्रतिशत ही आढत दी जाये। सरकार द्वारा अब सरसो व गेहूं के गेट पास को लेकर किसानों को गेट पास जारी करने के लिये जो नये आदेश दिये गये है, उनको वापस लिया जाये। आढ़तियों के लाईसेंस को हर साल रिन्यू करने की बजाये एक बार में ही सारी उम्र के लिये बनाया जावे ताकि हर साल रिन्यू करवाने की जरूरत ही न पडे। अनाज मंडियों में गेहूं की फसल को 72 घंटे में उठान किया जाये, नहीं तो आढ़तियों को घटती का नुकसान होता है। इस अवसर पर समालखा मंडी प्रधान बलजीत, मतलौडा मंडी प्रधान दीपक गर्ग, पूर्व प्रधान बिजेंद्र मान, बापौली मंडी प्रधान दलीप, पूर्व प्रधान सुलेख डिडवाडा, बाबरपुर मंडी प्रधान राजू, पानीपत मंडी से धर्मबीर मलिक, दिलावर मलिक,यशपाल, जयकरण, बलबीर, अंकित, मनीष सहित जिला की सभी मंडियों से आढती मौजूद रहे।

# युवाओं के सहयोग से प्रदेश में अगली सरकार इनेलो की: महावीर शर्मा


युवाओं ने नरवाना में शहीदी दिवस पर इनेलो के प्रति जो भरोसा जताया

**सिरसा (रणबीर खटक)**
इंडियन नेशनल लोकदल के जिला प्रेस प्रवक्ता महावीर शर्मा ने कहा कि नरवाना में हुए युवा इनेलो के बैनर तले शहीदी दिवस पर रिकॉर्डतोड़ युवाओं का सैलाब उमड़ा, उससे सिद्ध होता है कि प्रदेश में अगला शासन इनेलो का होगा। मंगलवार को जारी बयान में इनेलो प्रेस प्रवक्ता महावीर शर्मा ने कहा कि भाजपा की कुनीतियों से आहत, आक्रोशित है, वह पार्टी को राजनीतिक तौर पर नई दिशा व बल प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला व युवा इनेलो के राष्ट्रीय प्रभारी कर्ण चौटाला ने जिस प्रकार प्रदेश के युवाओं के दर्द को समझा है, उससे प्रमाणित होता है कि इनेलो ही एकमात्र ऐसा मंच है जहां युवाओं के उज्जवल भविष्य व हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

# संदीप जांगड़ा को विश्वकर्मा समाज ने किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 24 मार्च।** युवा नशे से दूर रहकर अपने माता-पिता, समाज व राष्ट्र का नाम रोशन करें। यदि युवा योग एवं खेलों में हिस्सा लेंगे तो वह पढ़ाई में भी अग्रणी रहेंगे। इसलिए हमें अपने बच्चों को खेलों एवं योग में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जिससे वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। ये शब्द लगातार 37 घंटे में 20,000 सूर्य नमस्कार करने का छठी बार विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले संदीप जांगड़ा आर्य ने मंगलवार को गोहाना रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण में श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में बोलते हुए कहे। श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा द्वारा उन्हें सम्मान की सूचक पगड़ी, शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संदीप ने कहा कि जो सम्मान की प्रतीक उन्हें पगड़ी पहनाई गई है वह सदैव उसका सम्मान करेंगे। समाज के लोगों के आशीर्वाद से सातवीं बार भी वह 75 से 80 घंटे का लगातार सूर्य नमस्कार का रिकॉर्ड तोडने का प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि संदीप जांगड़ा आर्य हिसार जिले के फरीदपुर गांव के रहने वाले हैं और 6 बार इंटरनेशनल स्तर पर गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा ने अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिला प्रधान सतबीर जांगड़ा एवं विश्वकर्मा मंदिर सभा के पूर्व प्रधान रघुबीर धीमान को भी पगड़ी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संरक्षक रोशन लाल धीमान, डा. राजकुमार जांगड़ा, विनोद पांचाल, प्रधान राजकुमार पांचाल माजरी, प्रबंधक राजेंद्र पांचाल भंडारी, महासचिव सुभाष जांगड़ा, कोषाध्यक्ष संजय धीमान, श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान रोहतास पांचाल, सुरेश जांगड़ा, पालेराम धीमान, कालूराम धीमान, रामपाल धीमान, कश्मीरी लाल धीमान, बिजेंद्र पांचाल, रविंद्र पांचाल, बबलु पांचाल, मनोज पांचाल, अनिल धीमान एडवोकेट, धर्मबीर धीमान, विनोद पांचाल दलहेडी, सुरेंद्र जांगड़ा, सतीश धीमान, राहुल धीमान, हिमांशु पांचाल, शिवम पांचाल, कृष्ण पांचाल, ओमप्रकाश धीमान व धर्मबीर जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

# बिजली की हाईटेंशन लाइनों के मुआवजे व गेहूं की खरीद संबंधी मांग पत्र सौंपा



**मांग**

**किसानों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रधान दिलबाग बिंझौल और किसान नेता शमशेर ने किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (बिजेंद्र सिंह)।** किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उपायुक्त डा. विरेंद्र कुमार दहिया से मिलकर बिजली की हाईटेंशन लाइनों के मुआवजे एवं गेहूं व सरसो की खरीद संबंधी मांग पत्र सौंपा गया। किसानों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पानीपत किसान भवन के प्रधान दिलबाग बिंझौल और किसान नेता शमशेर पूनिया ने किया। उपायुक्त ने किसानों की मांगों को ध्यान पूर्वक सुना और सरकार द्वारा बनाये गए नए कानून के अनुसार ही किसानों को मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया। किसानों ने उपायुक्त से कहा कि गेहूं की फसल की एक अप्रैल से सरकारी खरीद शुरू होनी है और उससे पहले ही जिन किसानों ने गेहूं की फसल का मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाया हुआ है, उसको संबंधित कर्मचारियों द्वारा वेरिफाई कर दिया जाये ताकि किसानों को गेहूं की फसल बेचने में कोई दिक्कत नहीं आये। उपायुक्त ने किसानों के प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिया कि जिला प्रशासन की तरफ से किसानों को अनाज मंडियों में कोई परेशानी नहीं आने दी जायेगी। जिला प्रशासन द्वारा पहले ही सारे इंतजात कर लिये गये है। इस अवसर पर किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़, सत्यनारायण बांगड़, रणबीर सिंह, ओम कुमार, शमशेर कालखा, अजित भाऊपुर व देशपाल दहिया आदि मौजूद रहे।

# जिले को कुपोषण मुक्त करना प्रशासन की प्राथमिकता: योगेश कुमार मेहता



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त योगेश कुमार मेहता ने कहा कि जिला को कुपोषण मुक्त करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए अभिभावकों को अधिक से अधिक पौष्टिक आहार के बारे में जागरूक करें, ताकि कोई भी बच्चा कुपोषित नहीं हो। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर निगरानी रखें, ताकि यदि कोई बच्चा कमजोर पाया जाता है। ऐसे स्थानों पर आंगनवाड़ी वर्करों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाए। योगेश कुमार मेहता ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से गंभीर कुपोषित और मध्यम कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि जिला में गंभीर कुपोषित और मध्यम कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाया जाए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी स्टाफ की मैपिंग की जाए। इसके साथ ही सुपरवाइजरों द्वारा हर महीने आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर दिए जाने वाले पूरक आहार सभी पात्र लाभार्थियों तक अवश्य पहुंचाना सुनिश्चित करें। कुपोषण को जड़ से खत्म करने के लिए बच्चों के खानपान पर विशेष ध्यान देना अनिवार्य है।

### अपंजीकृत श्रमिक की मृत्यु अथवा अपंगता की स्थिति में दी जाती है 2.50 लाख रुपये तक वित्तीय मदद

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा सरकार के श्रम विभाग द्वारा अपंजीकृत श्रमिकों के हित में एक महत्वपूर्ण योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत कार्यस्थल पर दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों या उनके परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।
योजना के अंतर्गत यदि किसी अपंजीकृत श्रमिक की कार्यस्थल पर दुर्घटना के कारण मृत्यु हो जाती है, तो उसके कानूनी वारिस या आश्रित परिवार के सदस्य को 2 लाख 50 हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है।

# पीएम के भाषण पर उठे सवाल, देश को चाहिए स्पष्ट रणनीति: सैलजा

### ऊर्जा संकट और अंतरराष्ट्रीय हालात पर सरकार की चुप्पी चिंताजनक



**सिरसा (रणबीर खटक)**
सिरसा की सांसद, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने प्रधानमंत्री के भाषण पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश इस समय एक गंभीर अंतरराष्ट्रीय संकट से गुजर रहा है, ऐसे में सरकार से ठोस और स्पष्ट रणनीति की अपेक्षा थी, लेकिन लंबे भाषण के बावजूद आम जनता से जुड़े महत्वपूर्ण सवालों के जवाब नहीं मिल पाए। उन्होंने कहा कि देश यह जानना चाहता है कि हमारे पास ऊर्जा संसाधनों का कितना भंडार उपलब्ध है और वह कितने दिनों तक चलेगा। सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए था कि रणनीतिक रिजर्व की स्थिति क्या है और भविष्य में आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किन देशों के साथ क्या बातचीत चल रही है। इस तरह की पारदर्शिता से ही जनता में विश्वास पैदा होता है।
कुमारी सैलजा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेषकर अमेरिका के साथ भारत के संबंधों और संभावित समझौतों पर भी सरकार को स्पष्ट रुख रखना चाहिए था। रूस से तेल आयात जारी रहेगा या नहीं, अमेरिका की ओर से दी गई किसी छूट की अवधि क्या है और आगे उसकी क्या दिशा होगी, इन सभी मुद्दों पर सरकार की चुप्पी चिंता बढ़ाने वाली है। उन्होंने कहा कि देश के कई हिस्सों में लंबी कतारें और आपूर्ति को लेकर असमंजस की स्थिति बन रही है, जिससे आम जनता में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। ऐसे समय में सरकार का दायित्व है कि वह स्पष्ट जानकारी देकर लोगों को भरोसा दिलाए कि देश इस संकट से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम है। कुमारी सैलजा ने अंत में कहा कि केवल पुरानी नीतियों का उल्लेख करना पर्याप्त नहीं है। देश को इस समय एक नए, प्रभावी और दूरदर्शी कार्ययोजना की आवश्यकता है, ताकि वर्तमान संकट से राहत मिल सके और भविष्य के लिए मजबूत आधार तैयार हो।

# डीसी ने रैली को लेकर जिला के सभी विभागाध्यक्षों के साथ की बैठक, रैली स्थल का दौरा कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना (सोनीपत):** 29 मार्च को गोहाना की नई सब्जी मंडी में आयोजित होने वाली धन्यवाद एवं विकास रैली को लेकर मंगलवार को उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला के सभी विभागाध्यक्षों की बैठक ली। बैठक का आयोजन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, गोहाना में किया गया। बैठक में रैली के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।
उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के आयोजन में किसी प्रकार की कमी न रहे और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने ट्रैफिक मैनेजमेंट, क्राउड मैनेजमेंट, पार्किंग व्यवस्था, स्टेज निर्माण व अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में माइक व एलईडी स्क्रीन, लाइव स्ट्रीमिंग, साफ-सफाई व्यवस्था, बिजली की निर्बाध आपूर्ति, पानी की पर्याप्त व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट्स, एंबुलेंस व डॉक्टरों की टीम, फायर फाइटिंग वाहन, सेफ हॉस्पिटल, इंटरनेट कनेक्शन, टेंट व बसों की व्यवस्था सहित विभिन्न आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लोगों की सुविधा के लिए सभी मूलभूत व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। इसके साथ ही डी में विशेष थीम पर रंगोली बनाने को लेकर भी संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी विभागों को गोहाना क्षेत्र से संबंधित कार्यों की फिजिबिलिटी रिपोर्ट जल्द से जल्द देने के निर्देश दिए। बैठक के उपरांत उपायुक्त ने सभी अधिकारियों के साथ हेलीपैड व रैली स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया और संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।
इस दौरान पुलिस आयुक्त ममता सिंह, डीसीपी कुशल पाल, डीसीपी नरेन्द्र सिंह, एडीसी लक्षित सरीन, आयुक्त नगर निगम हर्षित कुमार, गोहाना एसडीएम अंजली श्रोत्रिय, सीटीएम डॉ, अनमोल, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, डीआरओ सुशील शर्मा, डीडीपीओ मनीष मलिक व अन्य सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शहीद भगत सिंह लाइब्रेरी सेगा प्लाट चीका में मनाया गया शहीदी दिवस




**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आज यहां शहीद भगत सिंह लाइब्रेरी सेगा प्लाट, चीका में शहीदी दिवस मनाया गया। इस मौके पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की शहादत को याद करते हुए उनकी प्रतिमा को पुष्प अर्पित किए गए। इस समारोह की अध्यक्षता हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति ब्लाक गुहला के प्रधान हंसराज ने की व मंच संचालन राजेंद्र चौहान ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में समाजसेवी अमृतलाल ने अपने विचार रखे। इस मौके बोलते हुए अमृतलाल ने आजादी से पूर्व की राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों की तुलना वर्तमान की परिस्थितियों से की और भगत सिंह द्वारा लिखी गई रचनाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। इस मौके पर समाजसेवी चरणजीत सिंह ने शहीद भगत सिंह की जीवनी पर महत्वपूर्ण प्रकाश डाला व आज के हालात पर कुछ शेयर भी सुनाएं। इस मौके पर मिट्ठू कश्यप द्वारा एक देशभक्ति गीत सुनाया गया। मास्टर भूपेंद्र ने भी अपने नेक विचार रखें। इस मौके पर ग्राम सचिव दलबीर सिंह, सर्व कर्मचारी संघ गुहला के प्रधान पवन शर्मा, कुला राम, मास्टर सुरेंद्र पाल, अर्जुन सिंह व रघुबीर सिंह आदि अन्य ग्रामीण व्यक्ति भी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में तरावड़ी-नीलाखेड़ी के पास रेलवे लाइन पर एक युवक बेसुध हालत में पड़ा मिला। उसे अस्पताल पहुंचाया गया तो डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष है और हाथ पर अंग्रेजी में मन्नू लिखा हुआ है।

अनुमान है कि युवक किसी ट्रेन से गिरा था, जिससे उसकी मौत हुई। पुलिस ने शव को मोच्युर्री हाउस में रखवाया हुआ है। पहचान न होने की स्थिति में 72 घंटे पूरे होने पर पोस्टमार्टम के बाद सामाजिक संस्था के माध्यम से अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

जीआरपी करनाल के अनुसार शाम करीब साढ़े 7 बजे रेलवे लाइन पर एक युवक घायल अवस्था में पड़ा मिला था। उसके शरीर पर कई जगह चोटों के निशान थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को गंभीर हालत में करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

अस्पताल में जांच के दौरान डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक के सिर में गंभीर चोट थी और दाहिने बाजू की हड्डी भी टूटी हुई थी। हादसे के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

पुलिस ने युवक के कपड़ों की तलाशी ली, जिसमें उसके पास से एक ईएफटी रेलवे टिकट और जेब से एक हजार रुपए नकद मिले। हालांकि कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके।

### जनसेवा पर वार या साजिश? प्याऊ की टंकी गिरने से भड़का शहर, सड़क जाम कर जनता ने जताया रोष

**नरवाना, 24 मार्च राहुल**

शहर के हुड्डा मार्केट स्थित आर्य स्कूल के नजदीक वर्षों से जनसेवा को समर्पित पीने के पानी की प्याऊ टंकी को देर रात जेसीबी से गिराए जाने के बाद पूरे शहर में भारी रोष फैल गया। इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश इतना बढ़ गया कि गुस्साए नागरिक मौके पर ही सड़क पर धरने पर बैठ गए और मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। यह प्याऊ टंकी शहरवासियों और राहगीरों के लिए एकमात्र सहारा थी, जहां से रोजाना सैकड़ों लोग अपनी प्यास बुझाते थे। खासतौर पर रेलवे स्टेशन से आने-जाने वाले यात्रियों, स्कूलों के बच्चों, बैंक व बाजार आने वाले लोगों के लिए यह टंकी बेहद महत्वपूर्ण थी। घटना के बाद नगर परिषद के कर्मचारियों से जब इस संबंध में जानकारी ली गई तो उन्होंने टंकी गिराने से साफ इनकार कर दिया, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया है। लोगों का कहना है कि यदि यह कृत्य किसी असामाजिक तत्व द्वारा किया गया है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

### जिला में एलपीजी की कालाबाजारी, जमाखोरी व अनधिकृत प्रयोग को रोकने के लिये खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने ब्लॉक व जिला स्तर पर नियुक्त किए नोडल अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक मुकेश कुमार ने बताया कि जिला में घरेलू गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। जिले में एलपीजी की कालाबाजारी, जमाखोरी व अनधिकृत प्रयोग को रोकने के लिये खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा ब्लॉक व जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर मुकेश सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, उन्हें मोबाइल नंबर 9205560871 पर संपर्क किया जा सकता है। इसी प्रकार करनाल ब्लॉक के लिए एएफएसओ राजीव लागंयान-मोबाईल नंबर 9996310011, इन्द्री व कुंजपुरा के लिए एएफएसओ अमन सिंह-मोबाइल नंबर 9467601875, असंध व निसिंग के लिए एएफएसओ मुकेश गुप्ता-मोबाईल नंबर 9467080000, घरौंडा व जुण्डला के लिए एएफएसओ सुभाष चन्द्र-मोबाईल नंबर 9992678440, नीलोखेड़ी व तरावड़ी के लिए एएफएसओ कुलदीप सिंह-मोबाईल नंबर 9466419300 नियुक्त किए गए हैं। कोई भी आम नागरिक इन नंबरों पर एलपीजी गैस की कालाबाजारी से सम्बन्धित शिकायत दर्ज करवा सकता है।

# हरियाणा की बेटियों ने रचा नया इतिहास

**रचा इतिहास**

- हरियाणा की बेटियों ने चार दिन में 81 किलोमीटर लंबा ट्रैक सफलतापूर्वक किया पूरा



**पंचकूला, 24 मार्च मैनपाल :** हरियाणा की बेटियों ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुएए कालका से सिंहवाला तक 81 किलोमीटर का ट्रैक 4 दिनों में पूरा करके नया इतिहास रच दिया है। यह ट्रैक हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया था। जिसमें प्रमुख रूप से महिला विश्वविद्यालय खानपुर, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राई, एमएसएम आयुर्वेद कॉलेज तथा श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की छात्राओं ने ने भाग लिया। वन विभाग के संयुक्त सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

युवा कल्याण सयोंजक नरेंद्र सिंह ने इस ऐतिहासिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह 4 दिवसीय ट्रैकिंग कार्यक्रम मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार हरियाणा सरकार द्वारा विशेष रूप से आयोजित किया गया था। जिसमें राज्यभर से 19 छात्राओं ने भाग लिया। यह राज्य में पहली बार था जब छात्राओं ने इतनी लंबी दूरी तय की और उसे सफलता पूर्वक पूरा किया। उन्होंने छात्राओं को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा यह उपलब्धि न केवल छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है, बल्कि यह बेटियों की शक्ति, साहस और दृढ़ निश्चय का प्रतीक भी है।

रेंज अधिकारी संजय ने इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वन विभाग ने पहले इस ट्रैक को चिन्हित किया था। लेकिन अब तक किसी भी छात्रा दल ने इसे पूरा नहीं किया था। इस ट्रैक को बेटियों ने अपनी मेहनत समर्पण से पूरा कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

यह न केवल हरियाणा राज्य के लिए गर्व का विषय है बल्कि यह राज्य में युवा गतिविधियों और साहसिक खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। इस प्रकार के आयोजन युवाओं को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ साथ उन्हें नेतृत्व समर्पण और सामूहिक कार्य की अहमियत भी सिखाते हैं।

इस साहसिक कैंप में कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की 6 छात्राओं डॉ शिवानी, डॉ् वैशाली, डॉ रमन, डॉ् अल्का, डॉ हिमानी, डॉ् खुशबू, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय से काजल हिमांशी दीक्षा, सीनी ,वंशिका, मुन्नी, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राई, से अंतिम प्रिया तमन्ना अवी कोमल एमएसएम आयुर्वेद कॉलेज से सोनाली ने 81 किलोमिटर के चुनौतिपूर्ण और रोमांचकारी ट्रेकिंग कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

## जल्द ही शहर की सडकों पर पिंक ऑटो प्रशिक्षित महिलाएं द्वारा संचालित होती दिखाई देंगी: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, 24 मार्च।** जिला सडक सुरक्षा वाहन पॉलिसी की बैठक मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में हुई। बैठक में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि शहर के विकास को लेकर प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। जो अधिकारी कार्य में रूचि नहीं लेते उनके खिलाफ शख्त कार्यवाही होगी।

इसराना फ्लाई आवर के पास जमा पानी का निदान करने को लेकर अधिकारियों को जायजा लेने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जल्द ही शहर की सडकों पर पिंक ऑटो प्रशिक्षित महिलाएं संचालित करते हुए दिखाई देंगी। उन्होंने निर्देश दिए कि रेस्ट हाउस तक की सडक के विस्तार का कार्य एक सप्ताह के अंदर हर हाल में पूरा किया जाए। बैठक में सडक हादसों के आंकड़ों की समीक्षा, एनएच-44 पर कैमरें लगाने, सडक चौड़ीकरण और आरसीसी बैरियर लगाने जैसे विषय शामिल रहे। उपायुक्त ने कहा कि डाहर टोल पर आवश्यक सुविधाओं पर ध्यान देना होगा। विधायक प्रमोद विज ने शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने एलिवेटेड बस स्टॉप की प्रगति की जानकारी ली और पिछले 8 महीनों में किए गए कार्यों का ब्यौरा मांगा। उन्होंने कहा कि शहर में जाम की समस्या को खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाने जरूरी हैं, जिनमें रिंग रोड का निर्माण और महत्वपूर्ण स्थानों पर रेड लाइट लगाना शामिल है। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि यात्रियों की सुविधा और शहर के समग्र विकास के लिए सभी विभागों को मिलकर कार्य करना चाहिए।

### सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने किए माता मनसा देवी के दर्शन, लिया आशीर्वाद

**पंचकूला, 24 मार्च मैनपाल** : हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने चैत्र नवरात्र के छठे दिन आज पंचकूला के एतिहासिक माता मनसा देवी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और महामाई का आशीर्वाद लिया। उन्होंने प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा का माता मनसा देवी मंदिर पहुँचने पर प्रशासन और श्राइन बोर्ड की और से स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं श्री माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती निशा यादव, बोर्ड की सचिव श्रीमती शारदा प्रजापति एवं अनेक अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## ब्लॉक स्तरीय सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रतियोगिता**

- ब्लॉक स्तरीय सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 24 मार्च।**

महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, सोनीपत ग्रामीण-1 के कार्यालय प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में सर्कल स्तर पर चयनित विजेता माताओं ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में गांव बोहला की तन्नु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और उन्हें 4000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। लुहारी टिब्बा की मोनिका ने द्वितीय स्थान 3000 रुपये तथा गांव मोहाना की नेहा ने तृतीय स्थान 2000 रुपये हासिल किया।

सीडीपीओ गीता रानी एवं सुपरवाइजर्स द्वारा प्रतिभागियों को पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही सभी आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं उपस्थित माताओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के नियमित टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर सुपरवाइजर्स सविता, रीतू, रेखा, अंजू, प्रवीन, सहायक दिलबाग सिंह, लिपिक राहुल, डाटा एंट्री ऑपरेटर कविता, रेखा, संजू सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पीएनजी एलपीजी की तुलना में सस्ती व सुविधाजनक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में पीएनजी की पाईपलाइन बिछाई जा चुकी हैं, वहां के निवासी जल्द से जल्द अपने कनेक्शन लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि पीएनजी न केवल सुरक्षित है, बल्कि वर्तमान में सीएनजी और पारंपरिक एलपीजी सिलेंडर की तुलना में काफी सस्ती और सुविधाजनक भी है।

उन्होंने बताया कि जिला में एलपीजी की दर 64.96 रुपये प्रति किलोग्राम है जबकि पीएनजी की दर 45.40 प्रति एससीएम है, जो घरेलू एलपीजी की तुलना में 14 प्रतिशत सस्ती है। उन्होंने बताया कि करनाल में सेक्टर-4, सेक्टर 5, सेक्टर 6, सेक्टर 7, सेक्टर 8, सेक्टर 9, सेक्टर 12, सेक्टर 13, सेक्टर 14 भाग 1, सेक्टर 16, सेक्टर 32, सेक्टर 35, सेक्टर 36, सेक्टर 45, एलआईसी कॉलोनी, मान कॉलोनी, मॉडल टाउन, न्यू डीसी कॉलोनी, निर्मल विहार, नरसी विलेज भाग 1, नरसी विलेज भाग 2, पालम कॉलोनी, अशोका नर्सरी, डीसी कॉलोनी, दीवान कॉलोनी, करण विहार, रणजीत एन्क्लेव, शक्तिपुरम भाग 1 और भाग 2, प्रेम नगर, राम नगर और वसंत विहार में पीएनजी की पाईपलाईन बिछाई जा चुकी हैं।

## छात्र-छात्राओं को मेधावी बनाने में शिक्षकों का होता है अहम योगदान: रणदीप आर्य



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत 24 मार्च।** आर्य बाल भारती विद्यालय में मंगलवार को 10वीं कक्षा को छोडकर कक्षा पांचवीं से 11वीं तक के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने की तथा विद्यालय के प्रबंधक सुखबीर आर्य और ओमदत्त आर्य ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया। प्राचार्य डॉ अशोक आर्य ने विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को उप प्राचार्य जगदीश आर्य ने संबोधित किया। पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि विद्यालय के छात्र छात्राओं को मेधावी बनाने में शिक्षकों का योगदान भी सराहनीय रहा है। शिक्षक ही विद्यार्थी को लक्ष्य तक पहुंचाने में अहम योगदान देते है। उन्होंने कहा कि बच्चे भारत का भविष्य है और भारत को वर्ष 2047 से पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में यही बच्चे अहम भूमिका अदा करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अध्यापक इन बच्चों का भविष्य संवारने का भरपूर प्रयास करें। परीक्षा परिणाम में कक्षा पांचवी में साक्षी ने 96.18 प्रतिशत अंक लेकर शाइनिंग स्टार सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। कक्षा छठी के वैदिक ने 98.23 अंक लेकर, कक्षा सातवीं की मानवी ने 97 प्रतिशत अंक लेकर, कक्षा आठवीं के शिवाय ने 98.9 प्रतिशत अंक लेकर, कक्षा 9 वीं की सिमरन ने 97.41 प्रतिशत अंक लेकर तथा कक्षा ग्यारहवीं के प्रियाल ने 93.7 प्रतिशत अंक लेकर शाइनिंग स्टार की सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। विद्यालय के 7 छात्रों ने शाइनिंग स्टार रैंक प्राप्त किया और कक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों के साथ-साथ अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सुखबीर आर्य ने कहा की विद्यालय को इन जैसे सभी शाइनिंग स्टार बच्चों पर गर्व है। मंच संचालन कोऑर्डिनेटर सोनिका और नीतू ने किया। कार्यक्रम को प्राचार्य डॉ अशोक आर्य ने भी संबोधित किया।

फोटोः - पानीपत के आर्य बाल भारती स्कूल में मेधावी बच्चों को पुरस्कृत करते हुए रणदीप आर्य व अन्य।

## जिला में मनाया गया विश्व क्षयरोग दिवस




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** विश्व क्षयरोग दिवस पर जिला में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन सिविल सर्जन डा. पूनम चैधरी व डीटीओ डा. सिम्मी कपूर के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक नीलोखेड़ी, इंद्री, निसिंग, चिराओ एवं घरौंडा में सिल्वर एवं ब्रॉन्ज श्रेणी की उपलब्धि प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायतों को संबंधित उपमंडल अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

सिविल सर्जन ने बताया कि जिला के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्रों पर विश्व क्षयरोग दिवस मनाया गया। जहां जागरूकता गतिविधियां टीबी की स्क्रीनिंग तथा सभी टीबी मरीजों को विभेदित टीबी देखभाल सेवाएं प्रदान की गईं। सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में टीबी मुक्तभारत के संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। जिला क्षय रोग केंद्र करनाल में द्वारा 30 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गईं, जिससे उनके उपचार एवं पोषण में सहायता मिल सके।

### व्यक्ति का शव झूले पर फंदे से लटका मिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । सतनाली के शहीद स्मृति पार्क में मंगलवार सुबह सात बजे एक 35 वर्षीय व्यक्ति का शव झूले पर फंदे से लटकता मिला। सुबह सैर करने वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद सतनाली थाना प्रभारी अनिल कुमार ने अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतरवाया। हालांकि अभी तक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर महेंद्रगढ़ के नागरिक अस्पताल में पहुंचा दिया है। मृतक युवक की पहचान के लिए पुलिस टीमें प्रयास कर रही हैं।

## आईलेट्स सेंटर से कैश-लैपटॉप समेत दस्तावेज चोरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर में सेक्टर-6 के मेन मार्केट स्थित एक आईलेट्स सेंटर में रात के समय अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते घुसकर चोरी और तोडफोड़ की वारदात को अंजाम दिया। सुबह दुकान खोलने पर घटना का पता चला। चोर लैपटॉप, नकदी और जरूरी दस्तावेज ले गए। साथ ही अंदर रखे सामान और फॉल्स सीलिंग को भी नुकसान पहुंचाया। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करनाल के कर्ण विहार के मनदीप खटक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका आईलेट्स सेंटर सेक्टर-6 के मेन मार्केट में दुकान नंबर 100 पर स्थित है। कल रात को अज्ञात व्यक्ति छत पर लगे एयर वेंटिलेशन के शेड को तोडकर अंदर घुस गए। सुबह जब उन्होंने दुकान खोली तो अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ मिला।

शिकायत के अनुसार चोर एक एचपी कंपनी का लैपटॉप, 3 हजार रुपये की नकदी, आधार कार्ड, एसबीआई एटीएम कार्ड और पैन कार्ड चोरी कर ले गए। इसके अलावा एसी की 12 फीट लंबी तांबे की पाइप भी उखाडकर ले गए। चोरी के साथ-साथ चोरों ने सेंटर के अंदर रखे फर्नीचर और फॉल्स सीलिंग को भी तोड़ दिया, जिससे काफी नुकसान हुआ है।

घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया और मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मनदीप की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जिम्मेदारी एएसआई आनंद प्रकाश को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया जा रहा है, ताकि चोरों के बारे में कोई सुराग लग सके और चोरों को जल्दी काबू किया जा सके।

## मजदूरों के अधिकार, शिक्षा व सुविधाएं सुनिश्चित करें, लापरवाही पर होगी कार्रवाई: एसडीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 24 मार्च राहुल**

एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में बंधुआ मजदूरी चौकसी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, भट्ठा संचालक तथा समिति के नामित सदस्यों ने भाग लेकर श्रमिकों के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। एसडीएम जगदीश चंद्र ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग और संस्थान श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि भट्ठों एवं अन्य संस्थानों में कार्यरत मजदूरों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी दी जाए, ताकि वे इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें। इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया।

एसडीएम ने शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं भट्ठा संचालकों को निर्देश कि यहां काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों का नजदीकी सरकारी स्कूलों में दाखिला करवाना अनिवार्य किया जाए, जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसके अलावा श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए भट्ठों पर स्वच्छ पेयजल, बिजली, सुरक्षित आवास तथा साफ-सुथरे शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना भी सुनिश्चित किया जाए।

एसडीएम ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन का पालन हर हाल में किया जाए और मजदूरों को उनका पारिश्रमिक समय पर मिले, ताकि उन्हें किसी प्रकार की आर्थिक कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वें समय-समय पर भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करें। उन्होंने कहा कि श्रमिकों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी बेहद जरूरी है, ताकि किसी भी बीमारी का समय रहते उपचार किया जा सके। एसडीएम ने सभी अधिकारियों और संबंधित पक्षों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बंधुआ मजदूरी जैसी कुप्रथा को समाप्त करने और श्रमिकों को सम्मानजनक जीवन देने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। इस दिशा में प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पुलिस ने दो महीने बाद किया केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर में गौरी शंकर मंदिर के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही बाइक ने एक युवक को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई और आरोपी को पकड़ भी लिया गया, लेकिन वह इलाज के दौरान रास्ते में मौका पाकर फरार हो गया। घायल को पहले करनाल और फिर रोहतक में भर्ती कराया गया। अब मामले में सही डिटेल के साथ करीब दो महीने बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

करनाल के पृथ्वी विहार के हरीश पंचाल ने बताया कि बीती 7 फरवरी को शाम करीब 7 बजे वह अपने बड़े भाई की दुकान पर जा रहा था। जब वह गौरी शंकर मंदिर के पास पहुंचा, तो सामने से गलत दिशा में आ रही बाइक सवार दो युवकों ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सडक पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के समय आसपास काफी लोग इक्ठा हो गए। मौके पर मौजूद सूरज नगर निवासी मोहित पुत्र लोकेश ने पूरी घटना अपनी आंखों से देखी और घायल हरीश को उठाया। लोगों ने आरोपी चालक को मौके पर पकड़ लिया, जिसने अपना नाम सचिन बताया। इसी दौरान हरीश का भतीजा गौतम भी वहां पहुंच गया।

घायल को मोहित और गौतम ई-रिक्शा में डालकर अस्पताल ले जा रहे थे। आरोपी सचिन भी उनके साथ-साथ चल रहा था, लेकिन रास्ते में मौका देखकर फरार हो गया। इसके बाद हरीश को पहले ट्रॉमा सेंटर सिविल अस्पताल करनाल ले जाया गया, जहां से उसे कल्पना चावला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रात 2.30 बजे उसे पीजीआई रोहतक भेजा गया।

पीजीआई रोहतक में इलाज के दौरान हरीश के दाएं पैर में 20 से 25 टांके लगे। इलाज के बाद 8 फरवरी को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गइ

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# योगी सरकार ने 9 वर्षों में श्रमिकों के उत्थान की लिखी नई इबारत

**योजनाएं लागू**

**संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, निर्माण श्रमिकों, स्वरोजगार से जुड़े लोगों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए अनेक योजनाएं लागू की**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बीते 9 वर्षों में श्रमिकों के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार सृजन के क्षेत्र में व्यापक एवं बहुआयामी प्रयास किए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की श्रमेव जयते की भावना को केंद्र में रखते हुए संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, निर्माण श्रमिकों, स्वरोजगार से जुड़े लोगों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिनके सफल क्रियान्वयन से प्रदेश के श्रमिकों को आर्थिक और सामाजिक संबल प्राप्त हुआ। यही नहीं, वर्तमान में प्रदेश के नव निर्माण के आधार श्रमिक मुख्यमंत्री के विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश के विजन को साकार करने की दिशा में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व के 9 वर्षों में प्रदेश में श्रमिकों के सशक्तीकरण की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के मामले में यूपी का देश में प्रथम स्थान पर पहुंचना रहा। इसके तहत यूपी में ई-श्रम पोर्टल पर अब तक 8.42 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण किया जा चुका है। ई-श्रम पोर्टल न केवल श्रमिकों की पहचान सुनिश्चित करता है, बल्कि उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का भी आधार बनता है। इसके साथ ही प्रदेश में 9.52 करोड़ से अधिक श्रमिकों के जनधन खाते खोले गए हैं, जिससे उन्हें सीधे आर्थिक सहायता प्रदान करना संभव हुआ है। प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से योगी सरकार ने उ.प्र. रोजगार मिशन का गठन किया, जिसके तहत युवाओं को देश और विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि रोजगार मिशन के तहत प्रदेश के 5,978 से अधिक निर्माण श्रमिकों को विदेश (इजराइल) में रोजगार दिलाया गया है। वहीं, सेवामित्र पोर्टल पर 59,602 कुशल श्रमिकों का पंजीकरण कर उन्हें सेवाओं से जोड़ने का कार्य भी किया गया है। इसी क्रम में निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिए आयोजित 13,148 रोजगार मेलों के माध्यम से 15.96 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी के अवसर मिले हैं। इसके अतिरिक्त 28,621 करियर काउंसलिंग कार्यक्रमों के जरिए 32 लाख से अधिक युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया है। सरकार का उद्देश्य न केवल रोजगार देना है, बल्कि युवाओं को कौशल प्रशिक्षण व अन्य सहयोग प्रदान कर स्वरोजगार के लिए भी सक्षम बनाना है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में श्रमिकों को सामाजिक एवं जीवन सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं। इस क्रम में पंजीकृत श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने की स्थिति में 5 लाख रुपये, सामान्य मृत्यु की स्थिति में 2 लाख रुपए की सहायता दी जा रही है। यही नहीं, अपंजीकृत असंगठित श्रमिकों के लिए भी सरकार ने सुरक्षा का दायरा बढ़ाया है। दुर्घटना में मृत्यु या पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 2 लाख रुपये, जबकि आंशिक विकलांगता की स्थिति में 1 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है। इसके अलावा विकलांगता की स्थिति में 2 लाख रुपये से 4 लाख रुपये तक की सहायता का प्रावधान किया गया है। वहीं कार्यस्थल पर मृत्यु हो जाने की स्थिति में 5 लाख रुपये की सहायता और अंतिम संस्कार के लिए 25 हजार रुपये देने का प्रावधान किया गया है।

राज्य सरकार की ओर से श्रमिक परिवार के सदस्यों के सामाजिक कल्याण की दिशा में भी कई योजनाएं लागू की गई हैं। इनके तहत पंजीकृत श्रमिकों की पुत्रियों के विवाह के लिए 55 हजार रुपए तक की सहायता, अंतरजातीय विवाह पर 61 हजार रुपए की सहायता देने का प्रावधान है।

## मातृत्व, शिशु एवं बालिका सहायता योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को मिली मदद

**फैमिली आईडी**

**अटल पेंशन योजना के माध्यम से प्रदेश में अब तक 93 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। 7 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिकों को राशन कार्ड और फैमिली आईडी प्रदान की गई**

वहीं मातृत्व, शिशु एवं बालिका सहायता योजना के अंतर्गत 6 लाख रुपए से अधिक लाभार्थियों को सहायता प्रदान की जा चुकी है। वहीं, बाल श्रमिक विद्या योजना के तहत निराश्रित और गंभीर रूप से बीमार कामकाजी बच्चों को प्रति माह एक हजार रुपए (बालक) और 12 सौ रुपए (बालिका) की सहायता दी जा रही है। साथ ही श्रमिकों के बच्चों को निःशुल्क, गुणवत्तापूर्ण और उद्देश्यपरक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम श्रमिक तकनीकी शिक्षा सहायता योजना के माध्यम से उन्हें तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश के श्रमिकों को आवासीय सुविधा और जीवन स्तर में सुधार के लिए भी पिछले 9 वर्षों में कई ठोस कदम उठाए गए हैं। इसके तहत सफाई कर्मियों को निःशुल्क आवास देने की प्रक्रिया जारी है, जबकि निर्माण श्रमिकों के लिए आवास सहायता योजना के तहत बैंकों और सहकारी संस्थाओं के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही श्रमिकों के लिए श्रम अड्डों के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। वहीं पीएम श्रमयोगी मानधन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 7,04,865 श्रमिकों का पंजीकरण किया जा चुका है, जबकि प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना के तहत 16,457 छोटे व्यापारियों को जोड़ा गया है।

## नवरात्र पर मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन कर लिया आशीर्वाद



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को प्रेमनगर, देहरादून स्थित सनातन धर्म मंदिर परिसर में आयोजित सामूहिक कन्या पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चैत्र नवरात्र केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि श्रद्धा, भक्ति एवं संस्कारों के माध्यम से शक्ति उपासना का महापर्व है। उन्होंने 1100 कन्याओं के पूजन को अत्यंत सौभाग्यपूर्ण बताते हुए आयोजन समिति की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में नारी सम्मान को सुदृढ़ करने तथा ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व जैसे मूल्यों को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कन्या को साक्षात देवी स्वरूप माना गया है। शास्त्रों में भी कन्याओं को अत्यंत सम्मानजनक स्थान दिया गया है। बेटियां अपने संस्कार, स्नेह और त्याग से समाज को सशक्त और समृद्ध बनाती हैं तथा हमारी संस्कृति और परंपराओं की सशक्त वाहक हैं। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन के इस पावन अवसर पर समाज को यह संकल्प लेना चाहिए कि प्रत्येक बेटी को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का अधिकार सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार बेटियों के सशक्तिकरण हेतु निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बेटियों की शिक्षा और प्रोत्साहन के लिए छात्रवृत्ति, कक्षा 9 में प्रवेश पर साइकिल वितरण, 12वीं उत्तीर्ण करने पर प्रोत्साहन राशि, तथा सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण जैसी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं।

## धर्म से ही श्रेष्ठ समाज-राष्ट्र का निर्माण : मुख्यमंत्री

**आधार**

**धर्म के बिना कोई भी कार्य पूर्ण नहीं हो सकता, धर्मपरायणता ही एक उत्कृष्ट समाज व राष्ट्र की स्थापना का आधार**



**टीम एक्शन इंडिया**

**बाड़मेर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि धर्म के बिना कोई भी कार्य पूर्ण नहीं हो सकता और धर्मपरायणता ही एक उत्कृष्ट समाज व राष्ट्र की स्थापना का आधार है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा हमें सामाजिक एकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। मुख्यमंत्री मंगलवार को बालोतरा के कनाना श्रीमठ में आयोजित श्री ललिता महायज्ञ की पूणार्हुति एवं मां सरस्वती मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की धरती शौर्य, आस्था और भक्ति की त्रिवेणी है, जहां साधु-संतों के आशीर्वाद से सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाजिक एकता को मजबूत करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के धार्मिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में ऐतिहासिक परिवर्तन आया है। उन्होंने अयोध्या में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और उज्जैन के महाकाल महालोक जैसे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि देशभर के तीर्थ स्थलों का विकास तेजी से हो रहा है।



वृंदावन में संघ प्रमुख ने किया नवनिर्मित जीवनदीप आश्रम का लोकार्पण।

## छग मुख्यमंत्री 25 मार्च को राज्य के भूमिहीन हितग्राहियों के खातों में अंतरित करेंगे 500 करोड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत इस साल करीब पांच हजार भूमिहीन हितग्राहियों को धनधाशि प्रदान करेंगे। यह 10 हजार रुपये की वार्षिक सहायता धनराशि बुधवार को उनके खाते में सीधे भेजी जाएगी। राज्य सरकार की ओर से करीब पांच हजार इन हितग्राहियों के लिए 495 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बलौदाबाजार से बुधवार 25 मार्च को यह धनराशि हितग्राहियों के खाते में अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह पहल केंद्र की मोदी गारंटी के वादों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के माध्यम से प्रत्येक पात्र परिवार को हर साल 10 हजार रुपये की सहायता दी जाती है। सरकार द्वारा यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में भेजी जाती है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है और बिचौलियों की भूमिका खत्म होती है। इस योजना का लाभ उन



भूमिहीन कृषि मजदूरों को मिलेगा, जिनके पास अपनी कृषि भूमि नहीं है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि पिछले वर्ष भी पात्र परिवारों को इस योजना के तहत सहायता राशि दी गई थी और अब वित्तीय वर्ष की अगली किस्त जारी की जा रही है। इससे ग्रामीण मजदूरों को आर्थिक संबल मिलेगा और उनकी आजीविका में सुधार होगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के उन परिवारों को सहारा देना है, जिनके पास खुद की कृषि भूमि नहीं है और जो मजदूरी या पारंपरिक कार्यों पर निर्भर हैं। आज मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार इस सूची में 22 हजार 28 बैगा और गुनिया परिवार भी शामिल हैं, जो राज्य की सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत के रक्षक हैं। राज्य सरकार ने पिछले वर्ष भी इस योजना के माध्यम से रिकॉर्ड सहायता प्रदान की थी। साल 2025 में कुल 5,62,112 हितग्राहियों को 10,000 रुपये के हिसाब से 562 करोड़ 11 लाख 20 हजार रुपये की राशि वितरित की थी। इसमें बताया गया है कि इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका समावेशी स्वरूप है। इस वर्ष की लाभार्थी सूची में 22,028 बैगा और गुनिया परिवार भी शामिल हैं।

**धनधाशि**

**यह पहल केंद्र की मोदी गारंटी के वादों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है : मुख्यमंत्री**

## सपा का 40 हजार का वादा मुंगेरी लाल के हसीन सपने: केशव प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को विश्वविख्यात मां विंध्यवासिनी धाम पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। इसके बाद मीडिया से बातचीत में समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सपा द्वारा महिलाओं को 40 हजार रुपये देने के दावे को मुंगेरी लाल के हसीन सपने करार देते हुए कहा कि अब प्रदेश की महिलाएं जागरूक हैं और झूठे वादों में आने वाली नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी, जबकि चुनाव के बाद सपा सैफई तक सिमटकर रह जाएगी। उप



मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें 2014 से ही मां विंध्यवासिनी का आशीर्वाद मिलता रहा है और इसी कृपा से भाजपा लगातार मजबूत हुई है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी मां का आशीर्वाद भाजपा के साथ रहेगा। उन्होंने प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए मां विंध्यवासिनी से प्रार्थना की। नवरात्र के पावन अवसर पर धाम पहुंचे उप मुख्यमंत्री का पुरानी वीआईपी मार्ग पर प्रशासनिक अधिकारियों और तीर्थ पुरोहितों ने अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। वहां से वे गणेश द्वार होते हुए मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचे और विधि-विधान से मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन किया। इस दौरान धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरा परिसर जय मां विंध्यवासिनी के जयकारों से गूंजता रहा। भाजपा का 'ज्ञान' पर फोकस

मीडिया से बातचीत में केशव मौर्य ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार गरीब, किसान, महिला और युवाओं के हित में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति केवल वादों तक सीमित नहीं, बल्कि जनहितकारी योजनाओं को जमीन पर उतारने की है।

**गैस सिलेंडर में किसी प्रकार की कटौती नहीं, अफवाह पर न दें ध्यान**

रसोई गैस को लेकर चल रही चर्चाओं पर भी उप मुख्यमंत्री ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि गैस सिलेंडर में किसी प्रकार की कटौती नहीं की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और केवल प्रामाणिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

**साधा निशाना**

**गैस सिलेंडर में किसी प्रकार की कटौती नहीं की जा रही है। वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें**

## इस्लाम में गोमांस हराम, गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग: मुस्लिम समाज

**मांग**

**मुस्लिम त्योहार कमेटी के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए**



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के पुराने शहर स्थित इतवारा चौराहे पर मंगलवार को मुस्लिम समाज ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और मांग जोर-शोर से उठाई गई। प्रदर्शन के दौरान ह्यगौ माता के सम्मान में मुस्लिम समाज मैदान में जैसे नारे लगाए गए। प्रदर्शन की खास बात यह रही कि यह मांग खुद मुस्लिम समाज की ओर से सामने आई, जिसे आमतौर पर इस मुद्दे पर अलग नजरिए से देखा जाता रहा है। इस वजह से यह आंदोलन सामाजिक ही नहीं, बल्कि व्यापक संदेश देने वाला भी माना जा रहा है। कमेटी के संरक्षक शमशुल हसन ने स्पष्ट कहा कि इस्लाम धर्म में गाय का मांस खाना और उसका वध करना हराम माना गया है। उन्होंने कहा, हम गौ रक्षा के पक्षधर हैं।

## मुख्यमंत्री ने कैमूर जिले को दी 209 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के क्रम में कैमूर जिले को 209 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने चैनपुर प्रखंड के अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के समीप आयोजित कार्यक्रम में 209 करोड़ रुपये की लागत से 204 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 162 करोड़ रुपये की लागत से 161 योजनाओं का उद्घाटन तथा 47 करोड़ रुपये की लागत से 43 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस दौरान नीतीश कुमार ने चैनपुर प्रखंड अंतर्गत निमार्णाधीन अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय एवं निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा



लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने 12,668 जीविका स्वयं सहायता समूहों को 270 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक दिया। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत द्वितीय एवं तृतीय किस्त की 1 करोड़ 14 लाख 25 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, सामाजिक पुनर्वास कोष योजना के तहत सांकेतिक चेक, रैन बसेरा अंतर्गत सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को सरकारी भूमि की बंदोबस्ती का प्रमाणपत्र, मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना अंतर्गत जीविका दीदियों को 279 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक, सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत ई-रिक्शा की चाभी, दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल की चाबी आदि लाभुकों को प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विकासात्मक योजनाओं एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन कर उनके क्रियान्वयन की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली।

## इस बार चुनाव में ऐतिहासिक परिणाम होगा: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने आसन्न विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन की ऐतिहासिक जीत का विश्वास जताया। राज्य भाजपा कार्यालय में बीती रात पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने अभूतपूर्व आशीर्वाद और समर्थन दिया है, जो इस बार के चुनाव में निर्णायक और ऐतिहासिक विजय में परिवर्तित होगा।

उन्होंने कहा कि यह जनसमर्थन सरकार की नीतियों और नेतृत्व में लोगों के गहरे विश्वास को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि लगातार बारिश के बावजूद लोग पार्टी की यात्राओं और कार्यक्रमों से पीछे नहीं हटे, जो उनकी प्रतिबद्धता और उत्साह को दर्शाता है।